हिन्दी दैनिक

# न्यूज गाइड

RNI No- UPHIN/2008/28258

आपका देश आपकी बात...



वर्षः 14, अंकः 71 पृष्ठ :8 www.newsguide.co.in E-mail : newsguidelko@gmail.com लखनऊ, शुक्रवार 30 दिसम्बर, 2022 मूल्य 1.50

# कल मोदी 7800 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की देंगे सौगात

## रेल परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और राष्ट्र को समर्पित करेंगे

एजेंसी

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे। इस दौरान वे प. बंगाल को 7800 करोड़ का सौगात देंगे। इसके तहत वे कई परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और कई परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे। जानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री आज सुबह करीब 11:15 बजे हावड़ा रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे, जहां वे हावड़ा को न्यू जलपाईगुड़ी से जोड़ने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाएंगे। साथ ही, वे कोलकाता मेट्रो की पर्पल लाइन के जोका-तारातला खंड का भी उद्घाटन करेंगे और विभिन्न रेल परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और राष्ट्र को समर्पित करेंगे। दोपहर 12 बजे प्रधानमंत्री आईएनएस नेताजी सुभाष पहुंचेंगे, नेताजी सुभाष की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी- राष्ट्रीय जल एवं स्वच्छता संस्थान (डीएसपीएम-निवास) का उद्घाटन करेंगे। वह स्वच्छ गंगा के लिए राष्ट्रीय मिशन के तहत पश्चिम बंगाल के लिए कई सीवरेज बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे और राष्ट्र को समर्पित करेंगे। दोपहर करीब

**सौगात**

- कई सीवरेज बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे
- राज्य में 200 एमएलडी से अधिक की सीवेज उपचार क्षमता को बढ़ाएगी
- पश्चिम बंगाल में 190 एमएलडी नई एसटीपी क्षमता जुड़ जाएगी

12:25 बजे प्रधानमंत्री राष्ट्रीय गंगा परिषद की दूसरी बैठक की अध्यक्षता करेंगे। प्रधानमंत्री कोलकाता में राष्ट्रीय गंगा परिषद (एनजीसी) की दूसरी बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री, अन्य केंद्रीय मंत्री जो परिषद के सदस्य हैं और उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शामिल होंगे। प्रधानमंत्री 990 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) के तहत विकसित 7 सीवरेज बुनियादी ढांचा परियोजनाओं (20 सीवेज उपचार संयंत्र और 612



किमी नेटवर्क) का उद्घाटन करेंगे। इन परियोजनाओं से नबद्वीप, कछरापरा, हलीशर, बजबज, बैरकपुर, चंदन नगर, बांसबेरिया, उत्तरपाड़ा कोतरुंग, बैद्यबती, भद्रेश्वर, नैहाटी, गरूलिया, टीटागढ़ और पानीहाटी की नगर पालिकाओं को लाभ होगा। ये परियोजनाएं पश्चिम बंगाल राज्य में 200 एमएलडी से अधिक की सीवेज उपचार क्षमता को बढ़ाएगी।

प्रधानमंत्री 1585 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) के तहत विकसित होने वाली 5 सीवरेज बुनियादी ढांचा परियोजनाओं (8 सीवेज उपचार संयंत्र और 80 किमी नेटवर्क) की आधारशिला भी रखेंगे। इन परियोजनाओं से पश्चिम बंगाल में 190 एमएलडी नई एसटीपी क्षमता जुड़ जाएगी।

इन परियोजनाओं से उत्तरी बैरकपुर, हुगली-चिनसुरा, कोलकाता केएमसी क्षेत्र- गार्डन रीच और आदि गंगा (टोली नाला) और महेस्तला शहर के क्षेत्रों को लाभ होगा। प्रधानमंत्री डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी - राष्ट्रीय जल और स्वच्छता संस्थान (डीएसपीए-निवास) का उद्घाटन करेंगे, जिसे लगभग 100 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से जोका, डायमंड हार्बर रोड, कोलकाता में विकसित किया गया है। संस्थान देश में जल, स्वच्छता और स्वच्छता (वॉश) पर देश में एक शीर्ष निकाय के रूप में काम करेगा, जो केंद्रीय, राज्य और स्थानीय सरकारों के लिए सूचना और ज्ञान के केंद्र के रूप में कार्य करेगा। प्रधानमंत्री हावड़ा रेलवे स्टेशन पर हावड़ा को न्यू जलपाईगुड़ी से जोड़ने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाएंगे। अत्याधुनिक सेमी हाई स्पीड ट्रेन अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं से लैस है। ट्रेन दोनों दिशाओं में मालदा टाउन, बारसोई और किशनगंज स्टेशनों पर रुकेगी।

प्रधानमंत्री जोका-एस्पलेनैड मेट्रो परियोजना (पर्पल लाइन) के जोका-तारातला खंड का उद्घाटन करेंगे। जोका, ठाकुरपुकुर, साखेर बाजार, बेहाला चौरास्ता, बेहाला बाजार और तारातला नाम के 6 स्टेशनों वाले 6.5 किलोमीटर के खंड का निर्माण 2475 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से किया गया है। इस परियोजना के उद्घाटन से कोलकाता शहर के दक्षिणी भागों जैसे सरसुना, डाकघर, मुचिपारा और दक्षिण 24 परगना के यात्रियों को अत्यधिक लाभ होगा। कार्यक्रम के दौरान, प्रधान मंत्री चार रेलवे परियोजनाओं को भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इनमें 405 करोड़ रुपये की लागत से विकसित बोइंची-शक्तिगढ़ तीसरी लाइन, दानकुनी-चंदनपुर चौथी लाइन परियोजना, 565 करोड़ रुपये की लागत से विकसित, 254 करोड़ रुपये की लागत से विकसित निमतिता-नई फरक्का डबल लाइन और 1080 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित अंबारी फालाकाटा-न्यू मयनागुड़ी-गुमानीहाट दोहरीकरण परियोजना शामिल है। प्रधानमंत्री 335 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित होने वाले न्यू जलपाईगुड़ी रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की आधारशिला भी रखेंगे।

## मोदी ने दी आंध्र हादसे के पीड़ितों परिजनों को दो लाख की अनुग्रह राशि

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरूवार को आंध्र प्रदेश के नेल्लोर में एक जनसभा में कल हुए हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए दुर्घटना मे मारे गए लोगों परिजनों को दो लाख रूपये और घायलों को 50 हजार रूपये की अनुग्रह राशि पीएमएनआरएफ से देने की घोषणा की हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने आज यहां ट्वीट कर कहा, आंध्र प्रदेश के नेल्लोर में एक जनसभा के दौरान हुए हादसे से आहत हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना। घायल शीघ्र स्वस्थ हों। प्रत्येक मृतक के परिजनों को पीएमएनआरएफ से दो लाख रूपये तथा घायलों को 50 हजार रूपये की अनुग्रह राशि दी जायेगी। उल्लेखनीय है कि आंध्र प्रदेश के कंदुकुरू में तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू के रोड शो में बुधवार शाम हुई भगदड़ में आठ लोगों की मौत हो गयी और 10 अन्य घायल हो गये थे।

## संक्षिप्त समाचार

### दलाई लामा की जासूसी की सूचना के बाद बढ़ाई सुरक्षा

**गया।** केंद्रीय एजेंसियों ने तथागत की तपोभूमि बिहार में गया के बोधगया पहुंचे आध्यात्मिक धर्मगुरू दलाई लामा के कार्यक्रम में चीन की महिला जासूस के पहुंचने की सूचना के बाद धर्मगुरू की सुरक्षा बढ़ा दी है। पुलिस अधीक्षक हरप्रीत कौर ने इस संबंध में बताया कि चीन की जासूस महिला द्वारा बोधगया में धर्मगुरु दलाई लामा की जासूसी करने की सूचना मिली है। इस सूचना के बाद दलाई लामा के आवासन स्थल एवं विश्व धरोहर महाबोधि मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। सुरक्षा में तैनात सुरक्षाकर्मियों एवं मजिस्ट्रेट को भी पास निर्गत किया गया है। दलाई लामा के कार्यक्रम में जो लोग भी शामिल हो रहे है। उन्हें गहन जांच के बाद ही प्रवेश करने दिया जा रहा है। इनके पास कार्यक्रम में जाने की अनुमति होगी वही प्रवेश कर सकेंगे। कौर ने बताया कि महिला का स्केच भी जारी किया गया है। इसके साथ ही लोगों से अपील की गई है कि किसी तरह की जानकारी मिलने पर पुलिस को इसकी सूचना दे।

### अभिनेत्री रिया कुमारी हत्या मामले में पुलिस ने पति को किया गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस ने झारखंड की अभिनेत्री रिया कुमारी हत्या मामले के मुख्य आरोपी के रूप में उनके पति प्रकाश कुमार को गिरफ्तार किया है। अभिनेत्री को कल हावड़ा जिले के बेगनन में उन्हीं की कार में पास से गोली मार दी गयी थी। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया किअभिनेत्री के परिजनों ने बंगाल पुलिस को शिकायत करके बताया कि रिया का पति लगातार मारपीट करता था। इस शिकायत के मिलने के बाद बंगाल पुलिस हरकत में आयी और प्रकाश को गिरफ्तार किया गया। प्रकाश को उसकी पत्नी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। सूत्रों ने बताया कि रिया ,प्रकाश की दूसरी पत्नी थी और उसके परिवार के अन्य लोग भी अभिनेत्री को प्रताड़नाएं देते थे मृतक के परिजनों ने पुलिस को दी शिकायत में यह जानकारी दी।सूत्रों ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फोरेंसिक टेस्ट की रिपोर्ट आने के बाद ही अभिनेत्री की मौत की वजह स्पष्ट हो पायेगी। इस बीच प्रकाश ने पुलिस को बताया कि तीन बदमाशों ने लूट की नीयत से उन पर हमला किया और उसकी पत्नी को नजदीक से गोली मार दी। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जायेगा। पुलिस ने कहा कि उनके वकील अदालत से आरोपी को पुलिस हिरासत में कुछ दिन और दिये जाने की मांग करेंगे क्योंकि मामले में अभी और जांच की दरकार है।

### ईवीएम पर भ्रम की शिकायत का निवारण जरुरी : रमेश

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन-ईवीएम को लेकर विपक्षी दलों ने जो संदेह जताया है लोकतंत्र पर सबका भरोसा बनाए रखने के लिए चुनाव आयोग उसका समाधान नहीं कर पाया है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने गुरुवार को यहां कहा कि ईवीएम से मतदान करने वाले मतदाता को यह विश्वास नहीं दिलाया जा सका है कि उसने जिस दल को वोट दिया है उसका यह भरोसा आवश्यक है कि ईवीएम से दिया उसका मत सही दल को गया है।

# बाड़ नहीं, जवान की वीरता करती है सीमाओं की रक्षा : शाह

## देश की सीमाओं की सुरक्षा खंभे या बाड़ नहीं बल्कि उस सीमा पर खड़े जवान की वीरता, देशभक्ति और सजगता ही कर सकती है

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि देश की सीमाओं की सुरक्षा खंभे या बाड़ नहीं बल्कि उस सीमा पर खड़े जवान की वीरता, देशभक्ति और सजगता ही कर सकती है। शाह ने आज यहां सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के 'प्रहरी' मोबाइल एप और मैनुअल का लोकार्पण करने के मौके पर कहा कि बीएसएफ देश की सबसे कठिन सीमा की निगरानी करती है। उन्होंने कहा कि अटल जी ने वन बॉर्डर वन फोर्स का जो नियम बनाया, उसके बाद पाकिस्तान और बंगलादेश से सटी हमारी सीमाओं की जिम्मेदारी बीएसएफ के जिम्मे आई है और बीएसएफ के वीर जवान बड़ी ही सजगता, सुदृढ़ता और मुस्तैदी के साथ-साथ सातत्यपूर्ण प्रयासों के साथ इन सीमाओं की सुरक्षा करते हैं। उन्होने कहा कि देश

**सुरक्षा**

- बीएसएफ देश की सबसे कठिन सीमा की निगरानी करती है
- बीएसएफ की यह ऐप सक्रिय शासन का बड़ा उदाहरण है

की सीमाओं की सुरक्षा पिलर या फेंसिंग नहीं बल्कि उस सीमा पर खड़े जवान की वीरता, देशभक्ति व सजगता ही कर सकती है। शाह ने कहा कि बीएसएफ की यह ऐप सक्रिय शासन का बड़ा उदाहरण है। इसके जरिए अब जवान व्यक्तिगत एवं सेवा संबंधी जानकारी, आवास, आयुष्मान और अवकाश से संबंधित जानकारी अपने मोबाइल पर प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने



कहा कि जीपीएफ हो या बायोडाटा हो या केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली पर समस्या निवारण या कई कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी हो, अब जवान ऐप के जरिये यह सब जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और यह ऐप उन्हें गृह मंत्रालय के पोर्टल से भी जोड़ेगा। गृहमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में 'वाइब्रेंट विलेज' कार्यक्रम शुरू किया है। उन्होंने बीएसएफ से आग्रह किया कि उन्हें 'वाइब्रेंट विलेज' कार्यक्रम के माध्यम से गांव के अंदर पर्यटन बढ़ाने, गांव को आत्मनिर्भर और संपूर्ण सुविधाओं से युक्त बनाने की दिशा में प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सीमा की सुरक्षा तभी हो सकती है जब सीमा के गांव के अंदर आबादी होगी, सीमाओं पर जवानों की तैनाती के साथ-साथ स्थाई सुरक्षा गांव में बसे हुए देशभक्त नागरिक ही दे सकते हैं।

# आनंदीबेन की अध्यक्षता में रूहेलखंड विश्वविद्यालय का 20वां दीक्षान्त समारोह सम्पन्न

संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में गुरुवार को रूहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली का 20वां दीक्षान्त समारोह सम्पन्न हुआ और राज्यपाल ने उपाधि प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उनसे अपील की कि वे अपने सामाजिक जीवन में उन व्यक्तियों का ध्यान रखेंगे, जिनके जीवन में विकास की किरण नहीं पहुँची है। पटेल ने विश्वविद्यालय द्वारा आर्थिक दृष्टि से पिछड़े क्षेत्र में उच्च शिक्षा के माध्यम से सराहनीय योगदान देने की सराहना की। राज्यपाल ने समारोह में उपस्थित सभी को आज गुरू गोविन्द सिंह जयन्ती की बधाई देते हुए कहा कि सिख गुरूओं का त्याग और बलिदान हम सभी को प्रेरणा देता है। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से कहा कि वे स्थानीय संसाधनों का




**समारोह**

- राज्यपाल ने उपाधि प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी

उपयोग करके रिसर्च और इनोवेशन के माध्यम से स्थानीय विकास को बढ़ावा देकर अपनी शिक्षा को सही अर्थों में उपयोगी सिद्ध कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमें इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि हमारी शिक्षा का लाभ हमारे व्यक्तिगत विकास के साथ-साथ देश और समाज को भी मिले। नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की चर्चा करते हुए पटेल ने कहा कि इसमें उच्च शिक्षा स्तर पर अनके पाठ्यक्रमों में बदलाव करके अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर युवाओं के लिए प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण तैयार करने पर जोर दिया गया है।

# वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर नजर रखें फार्मा कंपनियां : मांडविया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने कुछ देशों में कोविड संक्रमण के मामलों में बढ़ोतरी के मद्देनजर भारतीय फार्मा कंपनियों से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर नजर रखने और आवश्यक दवाओं का पर्याप्त भंडारण रखने को कहा है। मांडविया ने बृहस्पतिवार को यहां ऑनलाइन भारतीय फार्मा कंपनियों के साथ एक समीक्षा बैठक में कहा कि भारतीय फार्मा क्षेत्र मजबूत और जिम्मेदार है। कोरोना महामारी के दौरान भारतीय फार्मा ने अपनी शक्ति दिखाई है। उन्होंने

**समीक्षा बैठक**

- आवश्यक दवाओं का पर्याप्त भंडारण रखने को कहा
- मांडविया ने यहां ऑनलाइन भारतीय फार्मा कंपनियों के साथ एक समीक्षा बैठक



कहा कि यह उनकी ताकत के कारण है कि हम न केवल कोरोना महामारी के दौरान अपनी घरेलू मांग को पूरा कर सके, बल्कि 150 देशों को दवाओं की आपूर्ति करने की स्थिति में भी रहे। केंद्रीय मंत्री ने फार्मा कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ कोविड प्रबंधन दवाओं की स्थिति, पर्याप्तता और उत्पादन क्षमताओं की समीक्षा की, ताकि भारत किसी भी स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए तैयार हो सके । यह समीक्षा बैठक दुनिया भर के कुछ देशों में कोविड संक्रमण के मामलों में तेज वृद्धि को देखते हुए की गई थी। मांडविया ने फार्मा कंपनियों को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला परिदृश्य पर कड़ी नजर रखने को कहा। उन्हें एपीआई के उत्पादन और उपलब्धता के साथ-साथ कोविड प्रबंधन के लिए आवश्यक दवाओं के निर्माण की बारीकी से निगरानी करने के लिए भी कहा गया। उन्हें खुदरा स्तर तक आपूर्ति श्रृंखला में कोविड दवाओं सहित सभी दवाओं का पर्याप्त स्टॉक और उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कहा गया। केंद्रीय मंत्री ने फार्मा कंपनियों को निरंतर सहयोग का आश्वासन दिया।

## चुनाव में ओबीसी आरक्षण , उप्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश सरकार ने शहरी क्षेत्र के स्थानीय निकाय के चुनावों में अन्य पिछड़ी जातियों (ओबीसी) को आरक्षण देने के प्रावधान वाली अधिसूचना रद्द करने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को त्रुटिपूर्ण करार देते हुए गुरुवार को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने 27 दिसंबर के अपने फैसले में ओबीसी आरक्षण के प्रावधान को रद्द करते हुए राज्य सरकार को बिना ओबीसी आरक्षण तत्काल चुनाव कराने का आदेश दिया था। उच्च न्यायालय ने राज्य के कई नगर पालिकाओं के कार्यकाल 31 जनवरी 2023 को समाप्त होने के तथ्य पर गौर करते हुए बिना ओबीसी आरक्षण तत्काल चुनाव कराने का आदेश दिया था। राज्य सरकार ने तर्क देते हुए कहा है कि उच्च न्यायालय ने स्थानीय शहरी निकायों के चुनाव में ओबीसी के लिए सीटों में आरक्षण के प्रावधान संबंधी 05 दिसंबर की अधिसूचना के प्रारुप को रद्द नहीं कर सकती।

# वित्तीय प्रदर्शन व सौंदर्यीकरण के आधार पर होगी शहरों की रैंकिंग

**नई दिल्ली।** अब देश के शहरों की रैंकिंग वित्तीय प्रदर्शन और सौंदर्यीकरण के आधार पर की जाएगी। इसके लिए केंद्रीय आवास और शहरी मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बृहस्पतिवार को एक दिशा निर्देश जारी किया। एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा, भारत ने दुनिया में कहीं भी शहरी कायाकल्प के लिए सबसे महत्वाकांक्षी योजना शुरू की है। प्रतिस्पर्धा की एक स्वस्थ भावना सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले शहरों को गर्व की भावना देती है।

पुरी ने कहा कि यह विचार इस साल जून में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की राज्यों के मुख्य सचिवों के साथ बैठक के दौरान आया था। स्थानीय निकायों के बीच यह अहसास बढ़ रहा है कि यदि आपके पास अच्छी वित्तीय



स्थिति है, यदि आपकी प्रक्रियाएँ पारदर्शी हैं तो जमीन का मूल्य बढ़ता है। यही इस उद्यम की सुंदरता है जिसे लॉन्च किया जा रहा है। सिटी फाइनेंस रैंकिंग 2022 का उद्देश्य शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) का मूल्यांकन, पहचान करना और उन्हें तीन वित्तीय मापदंडों - संसाधन जुटाना, खर्च प्रदर्शन और वित्तीय प्रणाली में उनकी ताकत के आधार पर पुरस्कृत करना है।

## पिछड़ों तथा दलितों को इस कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है कि वे मिलकर आंदोलन करें

# ओबीसी आरक्षण पर अगर सरकार की नीयत साफहै तो सदन बुलाकर अपना पक्ष रखे : अखिलेश

संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को दलित एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) विरोधी करार देते हुए समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को नगर निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण के मुद्दे पर चर्चा करने के लिए विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की मांग की। अखिलेश ने कहा कि अगर सरकार की नीयत साफहै तो वह सदन बुलाकर अपना पक्ष रखे। सपा

**की मांग**

- आरक्षण पर सरकार समय-समय पर गुमराह करती रही
- भाजपा का पिछड़ों के प्रति हमेशा सौतेला व्यवहार रहा

मुख्यालय में बृहस्पतिवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में अखिलेश ने कहा कि आरक्षण पर सरकार समय-समय पर गुमराह करती



रही है और पिछड़ों तथा दलितों को इस कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है कि वे मिलकर आंदोलन करें। उन्होंने कहा, मैं सरकार से कहूंगा कि सदन की बैठक बुलाकर बहस कराएं और जब उनकी नीयत साफ है तो सत्र बुलाएं और सदन में अपना पूरा पक्ष रखें। पिछले कई वर्षों से देखा गया है कि पिछड़ों और दलितों का हक मारा जा रहा है। अखिलेश ने आरोप लगाया, भाजपा का पिछड़ों के प्रति हमेशा सौतेला व्यवहार रहा है और आज हमें जो देखने को मिल रहा है, यह पहली बार नहीं हो रहा है। आज पार्टी ने पिछड़ों का आरक्षण छीना है, कल दलितों की बारी हो सकती है। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी के पिछड़ा वर्ग संगठन के लोग तैयारी कर रहे हैं कि अगर उच्चतम न्यायालय में लड़ाई लड़नी पड़े तो सपा पिछड़े वर्ग का पूरा सहयोग करेगी। सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश सरकार न केवल आरक्षण को लेकर भेदभाव कर रही है, बल्कि चुनाव से भी भागना चाहती है, क्योंकि वह जानती है कि मैदान में जनता के बीच उतरेगी तो जनता उसे बुरी तरह से हरा देगी। उन्होंने दावा किया कि हाल में जो चुनाव हुए हैं उन परिणामों ने बताया है कि पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक सब लोगों ने मिलकर भाजपा की गलत नीतियों के खिलाफ वोट डाला था।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी में 5 सीटों पर स्नातक एमएलसी चुनाव की तारीखों का ऐलान, 5 जनवरी को जारी होगी अधिसूचना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश निवार्चन आयोग ने प्रदेश में स्नातक एमएलसी चुनाव के लिए पांच सीटों पर तारीखों का ऐलान कर दिया है। इसके लिए आयोग 5 जनवरी को अधिसूचना जारी करेगा। दरअसल, गोरखपुर फैजाबाद खंड स्नातक एमएलसी सीट का कार्यकाल 12 फरवरी को समाप्त हो रहा है। वहीं कानपुर खंड और बरेली मुरादाबाद खंड स्नातक का कार्यकाल भी 12 फरवरी को समाप्त होगा। इलाहाबाद झांसी खंड और कानपुर खंड शिक्षक का कार्यकाल 12 फरवरी को समाप्त होगा। तय समय से ही चुनाव चुनाव कराने का फैसला किया है। इन पांच विधान परिषद की सीटों 30 जनवरी को मतदान होगा। जबकि मतगणना 2 फरवरी को होगी।

### यूपी में टाइगर्स के बीच मनाएं नए साल का जश्न

**पीलीभीत।** नए साल के सेलिब्रेशन की तैयारियां कर रहे हैं तो इस बार हाथी, बाघ और कई अन्य जानवरों से भरा जंगल आपकी पसंदीदा जगह बन सकते हैं। पीलीभीत का टाइगर रिजर्व और बहराइच की कतर्नियाघाट वाइल्ड लाइफ सेंचुरी न्यू ईयर पर आपका स्वागत करने के लिए तैयार हैं। चलिए, हम आपको दोनों जंगलों की सैर कराते हुए बताएंगे कि कहां क्या तैयारियां हैं। पीलीभीत टाइगर रिजर्व का सबसे बड़ा आकर्षण है चूका बीच। इस बीच पर हिलोरे मारती लहरों को देख गोवा जैसा फील आएगा। बाघों की गुर्राहट, हाथियों की चिंघाड़ के साथ यह जगह न्यू ईयर के लिए सबसे बेहतर होगी। प्रशासन ने भी पर्यटकों की पसंद को ध्यान में रखते हुए तैयारियां शुरू कर दी है।

चूका बीच पर पर्यटकों के लिए जंगल सफारी, बोटिंग से लेकर स्टे तक की व्यवस्था है। पिकनिक स्पॉट पर बैम्बू हट, ट्री-हट और थारू हट बनाई गई है। यह डैम के किनारे बनाई है। चूका बीच से कुछ ही दूरी पर नहर का जंक्शन कहे जाने वाले वाईपरकेशन का नजारा भी बेहद खास है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व में सफारी के लिए वन विभाग गाड़ियां उपलब्ध कराता है। घूमने से लेकर रुकने तक के लिए ऑनलाइन बुकिंग करानी पड़ती है।

### बाइक सवार 2 युवकों को गोली मारी

**मुरादाबाद।** जिले में गुरुवार तड़के 2 युवकों पर एक पीतल कारीगर ने फायर झोंक दिया। घटना पाकबड़ा थाना क्षेत्र के गांव ऊमरी सब्जीपुर की है। गनीमत रही कि युवक गंभीर रूप से घायल नहीं हुए हैं। एक को घुटने में तो दूसरे को कूल्हे पर छर्रे लगे हैं। पुलिस ने फायर झोंकने के आरोपी पीतल कारीगर नसरत को गिरफ्तार कर लिया है। इंस्पेक्टर पाकबड़ा ने बताया कि ऊमरी सब्जीपुर गांव निवासी जुलिफ्कार (40 साल) और उसका रिश्ते का भाई जीशान (35 साल) रेलवे मालगोदाम पर पल्लेदारी का काम करते हैं। गुरुवार को तड़के करीब साढेघ् तीन बजे दोनों बाइक से रेलवे मालगोदाम जा रहे थे। घर से करीब 200 मीटर चलने के बाद एक मोड़ पर जैसे ही इन्होंने अपनी बाइक मोड़ी तो बाइक ही हेट लाइट की रोशनी सामने अपने घर में सो रहे पीतल कारीगर नसरत की आंखों पर पड़ी। इससे नसरत की नींद टूट गई। उसकी नींद में खलल पड़ी तो उसने अपने घर में रखे तमंचे से बाइक सवारों पर फायर झोंक दिया। जुल्फिकार के छोटे भरई मुस्तफा ने दैनिक भास्कर को बताया कि गोली लगते ही जुल्फिकार और जीशान बाइक छोड़कर चीखते-चिल्लाते हुए घर की ओर दौड़े। घर पहुंचकर उन्होंने पूरी घटना की जानकारी परिवार को दी। इसके बाद डॉयल 112 और एंबुलेंस को कॉल करके मौके पर बुलाया गया। घायलों को तुरंत जिला अस्पताल भेजा गया। वहीं इंस्पेक्टर पाकबड़ा का कहना है कि आरोपी नसरत के खिलाफथ् दर्ज करके उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

### निमोनिया से हो रही है बंदरों की मौत, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुआ खुलासा

**पीलीभीत।** जिले के बीसलपुर इलाके में बंदरों की संदिग्ध मौत के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आ गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार बंदरों की मौत निमोनिया के कारण होना पाया गया है। कड़ाके की ठंड के चलते बंदरों में बढ़ रही निमोनिया की शिकायत से वन महकमे की चिंताएं बढ़ गई हैं।दरअसल, पीलीभीत से बीसलपुर इलाके में स्थित शिव सरोवर मंदिर के प्रांगण में दर्जनों बंदर की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हो गई थी। लगातार एक के बाद एक हो रही मौतों से स्थानीय लोग चिंतित थे। ऐसे में पूरे मामले की सूचना जब सामाजिक वानिकी प्रभाग को लगी तो बुधवार को सामाजिक वानिकी की टीम ने कई बंदरों की मौत के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि मरने वाले अधिकांश बंदरों में निमोनिया की शिकायत पाई गई है। ऐसे में यह साफजाहिर है कि जिले में कड़ाके की ठंड बढ़ने के साथ-साथ अब बंदरों में निमोनिया की शिकायत हो रही है। जिसके चलते कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले बंदरों की मौत भी हो रही है। रहस्यमई तरीके से हो रही बंदरों की मौत के पोस्टमार्टम की स्थिति जानने के लिए जब सामाजिक वानिकी प्रभाग के डीएफओ संजीव कुमार से संपर्क साधा गया तो उन्होंने बताया बंदरों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने का मामला सामने आया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता लगा है कि बंदरों में निमोनिया की शिकायत थी। संभवत ठंड के कारण बंदरों में निमोनिया की समस्या बढ़ रही है।

### सभासद पर मुकदमा, आवास दिलाने के नाम पर महिला से नैनीताल चलने को कहा, मना करने पर पीटा

**पीलीभीत।** जिले में एक सभासद ने महिला को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के नाम पर नैनीताल घूमने चलने की बात कही। अपनी बेटी को भी साथ लाने को कहा। मामले में महिला की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर कार्रवाई की बात कह रही है।शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आवेदन किया था। आवेदन के बाद नगर पालिका वार्ड 13 के सभासद रामस्वरूप उसके घर आए। तहसील में पूरी सेटिंग का हवाला देकर उसे प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की बात कही। महिला का आरोप है कि 27 दिसंबर को सभासद पीड़िता को तहसील के कमरे में लेकर गया। कमरे में मौजूद एक व्यक्ति को तहसील का प्रमुख कर्मचारी बताते हुए आवास स्वीकृत कराने के लिए 10,000 की रिश्वत मांगी। महिला ने निर्धन होने की बात कही तो सभासद मौके से चला गया। आरोप है कि कुछ देर बाद सभासद ने पीड़ित महिला को फोन कर 10,000 का इंतजाम करने या फिर उसके साथियों के साथ नैनीताल अपनी बेटी को साथ लेकर घूमने चलने की बात कही। सभासद ने कहा, अगर तुम ऐसा करोगी तो आवास स्वीकृत हो जाएगा। महिला ने नैनीताल जाने से इंकार कर दिया। पुलिस से शिकायत की बात कही तो सभासद उसके घर आ पहुंचा। महिला व उसकी बेटी के साथ मारपीट की। सीओ सिटी सतीश शुक्ला ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### घर का दरवाजा तोड़कर चोरी,पच्चासी हजार नगद के साथ आभूषण भी चोरी, मुकदमा दर्ज

**गोण्डा।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के कनकपुर गांव के रहने वाले कमल यादव पुत्र स्व बसंत यादव ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि बीते बुधवार-गुरुवार की रात में करीब 12.30 से 3 बजे के मध्य में अज्ञात चोर घर के पीछे का दरवाजा तोड़ कर घर में घुस आए और 1 सोने का हार,2 जोड़ी झुमकी, 1 झाला, 2 जोड़ी टप्स, 1 जोड़ी सुई धागा, 2 नथिया, 2 बेदिया, 4 मंगलसूत्र, 8 सोने की अंगुठी, 1 चेन, चांदी के जेवर में 1 करधन, 2 पाजेब, 2 पायल, 2 बिछिया, 1 बच्चे की करधन, 1 बच्चे की पैजनिया, 3 बच्चे का गुजहा, चांदी की कटोरी, चम्मच, गिलास दो-दो पीस और लगभग 85000 हजार रूपये नगद चुरा ले गए। प्रभारी निरीक्षक अरूण कुमार दुवेदी ने बताया कि घटना संज्ञान में हैं मौके पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### पारिवारिक विवाद में दो भाइयों में मारपीट, एक पक्ष पर चाकू मारने का आरोप

**गोण्डा।** मनकापुर में बुधवार देर शाम मामूली बात को लेकर दो भाइयों में विवाद हो गया। कहासुनी के दोनों में मारपीट हो गई। इसमें एक पक्ष ने चाकू से मारने का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस दोनों पक्षों के घायल लोगों का इलाज सीएचसी मनकापुर में करवा रही है। मनकापुर के तेलियनपुरवा गांव की रहने वाली मालती देवी पत्नी चिता मणि ने पुलिस तहरीर दी है। इसमें बताया है कि बुधवार देर शाम रघुवंश पुत्र राजन तिवारी व निर्मला पत्नी रघुवंश से परिवारिक विवाद को लेकर कहा सुनी हो गई। इसके बाद गाली देते हुए मारपीट करने लगे और पति को चाकू से मार दिया। जब मैं दोनों के बीच बीच बचाव करने लगी तों मुझे भी मारापीटा। इस पूरे मामले में दूसरा पक्ष भी कोतवाली पहुंच गया है। पुलिस दोनों पक्षों के घायलों का इलाज करा रही है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने कहा कि मारपीट की घटना में ब्लेड से एक अधेड़ को मार दिया गया है। एक पक्ष द्वारा चाकू मारने का आरोप लगाया गया है जो गलत है। मामले की जांच की जा रही है, जो दोषी होगा उसके खिलाफकार्रवाई की जाएगी।

# 24 जिलों के अफसरों के खिलाफ होगा एक्शन

## आईजीआरएस की समीक्षा में सीएम नाराज, 8 डीएम कार्यालय और 16 जिलों के पुलिस विभाग में कमियां मिली

**संवाददाता**

**लखनऊ।** आईजीआरएस में शिकायतों के निस्तारण समय पर नहीं होने से 8 जिलों के डीएम कार्यालय और 16 जिलों के पुलिस ऑफिस कठघरे में आ गए हैं। शिकायतों के हल नहीं होने का फैक्ट सीएम की समीक्षा में सामने आया। इसके बाद 24 जिलों के अफसर सीएम योगी के टारगेट पर आ गए हैं। बता दे कि आईजीआरएस के आउटपुट पर ही अफसरों की ग्रेडिंग की जा रही है। सीएम कार्यालय ने अपर मुख्य सचिव नियुक्ति और प्रमुख सचिव गृह को लेटर भेज दिया है। सीएम योगी जनता दर्शन के जरिए सीधे आम लोगों से संवाद करते हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय ने जिलाधिकारी कार्यालयों द्वारा अक्टूबर में फीड की गई जनशिकायतों की समीक्षा की गई। इसमें चेतावनी देने के बाद भी आजमगढ़, बागपत, सोनभद्र, कासगंज, मुरादाबाद, रामपुर, पीलीभीत और एटा में आवेदकों के मोबाइल नंबर फीड नहीं किए गए या गलत फीड मिले हैं। ऐसे ही, पुलिस के हरदोई, रायबरेली, लखनऊ ग्रामीण, कासगंज, बलिया, मैनपुरी, लखनऊ, सहारनपुर, बांदा, कानपुर आउटर, बस्ती, अमेठी, हाथरस, हमीरपुर, मथुरा और संतकबीरनगर के जिले स्तर के कार्यालयों द्वारा अक्टूबर में फीड की गई जनशिकायतों की समीक्षा में लापरवाही सामने आई है। इसे शासन की ओर से काफी गंभीरता से लिया गया है। सीएम ऑफिस ने 20 बिंदुओं पर चेक लिस्ट जारी की थी। सीएम कार्यालय के परीक्षण में कई तरह के गंभीर मामलों में सरकारी कार्यालय की बहुत चलताऊ टिप्पणी लिखी जा रही है। इनमें सरकार की योजनाओं का लाभ देने के लिए निर्धारित व्यवस्था से आवेदक को अवगत करा दिया गया है। जांच अधिकारी नामित है। जांच चल रही है। संबंधित से आख्या मांगी गई है। आवेदक द्वारा संबंधित कार्यालय में पत्र प्रस्तुत करने पर गुणदोष के आधार पर कार्यवाही की जाएगी जैसे वाक्य लिखे रहते हैं। पुलिस विभाग की ओर से संदर्भों के निस्तारण के लिए यदि आईपीसी की धारा 107,116,151 के तहत कार्यवाही की गई है, तो साक्ष्य के रूप में कार्यवाही की प्रति भी आख्या के साथ अपलोड करें। जल्दबाजी में मामले निस्तारित न करें। आवश्यकतानुसार आवेदक से फोन पर बात करने के बाद अंतिम निस्तारण आख्या अपलोड करें। भूमि विवाद में यदि किसी न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन है, तो उसका संपूर्ण विवरण, न्यायालय का नाम, वाद संख्या, सुनवाई की अगली तिथि आदि अंकित कर आख्या अपलोड करें। भूमि विवाद या भूमि की पैमाईश के मामलों को थाना समाधान दिवस में दर्ज कर राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर निस्तारित करें। सरकारी,सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा मिलने पर उसे तत्काल कब्जा मुक्त कराएं। एफआईआर दर्ज करने,वाद दाखिल करने की आवश्यकता होने पर कार्यवाही करते हुए न्यायालय का नाम, वाद संख्या, सुनवाई की अगली तिथि,एफआईआर संख्या और तिथि का उल्लेख करें। जिन मामलों में भूमाफिया ने अवैध कब्जा किया है और तहसील स्तर से कार्यवाही सम्भव न हो, तो ऐसे अवैध कब्जेदारों को भूमाफिया की सूची में दर्ज कर कार्यवाही करें। तहसील स्तर से संबंधित मामलों के निस्तारण में नोटिंग की प्रति अपलोड न करें, बल्कि अंतिम निस्तारण आख्या, जो सक्षम स्तर से हस्ताक्षरित हो, उसकी स्वच्छ प्रति ही अपलोड करें। सरकार की योजनाओं का लाभ देने के लिए आवेदक के अपात्र मिलने पर उसके कारणों का स्पष्ट उल्लेख भी अंकित करें। यदि कोई संदर्भ एफआईआर कराने से संबंधित है, तो उसका परीक्षण कराकर एफआईआर करें। ष्तहरीर थाने में दिए जाने पर कार्यवाही की जाएगीष् अंकित कर संदर्भ निस्तारित न करें। छात्रवृत्ति के मामलों को स्कूल,कालेज,संस्थानों की ओर से ऑनलाइन करने पर जनपद स्तरीय विभागीय अधिकारी द्वारा प्रथम स्टेज में चेक कर पाई गई कमियों को पूरा कराकर जिला समिति के समक्ष विचार के लिए प्रस्तुत करें और निर्णय के अनुसार ही कार्यवाही के बाद निस्तारण आख्या अपलोड करें। छात्रवृत्ति के मामलों का त्वरित निस्तारण यथासम्भव आवेदन करने वाले वित्तीय वर्ष में ही किया जाए। आईजीआरएस के पुनर्जीवित मामलों में वरिष्ठ अधिकारी द्वारा आवेदक से वार्ता कर स्थलीय निरीक्षण करने के बाद साक्ष्य सहित आख्या अपलोड करें। खराब निस्तारण के लिए यदि संबंधित का स्पष्टीकरण मांगा गया है, तो स्पष्टीकरण की प्रति भी आख्या के साथ संलग्न करें। जिस अधिकारी,कर्मचारी की शिकायत है। उससे भिन्न अधिकारी से जांच कराकर निस्तारण आख्या अपलोड करें। जिन मामलों में स्थलीय निरीक्षण किया जाए, उनमें दो निष्पक्ष गवाहों के बयान, नाम, पता व मोबाइल नम्बर के साथ निस्तारण आख्या अपलोड करें।

**समीक्षा**

- » शिकायतों के हल नहीं होने का फैक्ट सीएम की समीक्षा में सामने आया
- » 24 जिलों के अफसर सीएम योगी के टारगेट पर आ गए
- » सीएम योगी जनता दर्शन के जरिए सीधे आम लोगों से संवाद करते हैं



# आईएसएस परीक्षा में लखनऊ के स्टूडेंट्स दबदबा

**संवाददाता**

**लखनऊ।** आईएसएस यानी भारतीय सांख्यिकीय सेवा की परीक्षा परिणामों में लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों का दबदबा रहा। इसमें लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र अस्तित्व रंजन श्रीवास्तव ने देश में पहली रैंक हासिल की हैं। वहीं, लखनऊ की हर्षा चड्ढा ने देश में 11वीं रैंक हासिल की। गोंडा के विष्णुपुरी कालोनी के रहने वाले अस्तित्व रंजन श्रीवास्तव ने गोंडा से 92.2: अंकों के साथ 12वीं की पढ़ाई की। उसके बाद लखनऊ विश्वविद्यालय से 2018 में बीएससी (गणित, सांख्यिकी) से किया। चार गोल्ड मेडल भी हासिल किए। इसमें गणित में सर्वाधिक अंकों के लिए दो गोल्ड और दो गोल्ड बीएससी में टाप करने के लिए मिले। अस्तित्व बताते हैं कि हॉस्टल के लाल बहादुर शास्त्री और हबीबुल्लाह हास्टल में रहकर पढ़ाई की। 2020 में बीएचयू से एमएससी किया। फिर एक साल ब्रेक लेकर तैयारी की। भारतीय रिजर्व बैंक जुलाई 2022 में आफ इंडिया (आरबीआई) में ग्रेड बी-आफीसर्स के लिए परीक्षा दी। चयन हो गया। लेकिन ज्वाइन न करके भारतीय सांख्यिकी सेवा के लिए जून में लिखित परीक्षा दी। 19 दिसंबर को साक्षात्कार दिया। अस्तित्व के पिता अजय कुमार श्रीवास्तव टीचर हैं। मां प्रेमलता श्रीवास्तव गृहणी हैं। इससे पहले 2 बार यही परीक्षा दे चुके थे और दोनों ही बार वे रिटेन क्वालीफाई करने में कामयाब नही हुए। तीसरे बार न केवल उन्होंने रिटेन और इंटरव्यू परीक्षा क्वालीफाई किया पूरे देश में पहली रैंक हासिल किया। अस्तित्व बताते हैं कि तीसरी बाद में मेरा चयन हुआ है। दोस्तों ने चयनित होने की सूचना दी। मुझे उम्मीद नहीं थी देश में पहली रैंक आ जाएगी। हां, इतना तय था कि चयन हो जाएगा। दिल्ली में रिसर्च कर रहीं बड़ी बहन स्तुति श्रीवास्तव ने इस क्षेत्र में तैयारी के लिए प्रेरित किया।

**परिणाम**

- » एलयू के एलुमनाई रहे अस्तित्व को देशभर में मिली रैंक,11 रैंक पर रही हर्षा



# आशियाना पुलिस ने हुक्का बार पर मारा छापा

**संवाददाता**

**लखनऊ।** आशियाना इलाके में पुलिस ने एक अवैध हुक्का बार में छापा मारा। छापेमारी के दौरान हुक्का बार से प्रतिबंधित सामग्री बरामद हुई। पुलिस टीम ने संचालक समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। उनके खिलाफ महामारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। आशियाना इंस्पेक्टर अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि बुधवार रात्रि गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र स्थित एसआरएम होटल रतनखण्ड में अवैध रूप से प्रतिबंधित हुक्का बार में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान 8 हुक्का सेट, 82 छोटे फ्लेवर के मसाले, 2 बडे पैकेट नशीले मसाले, 1 इलेक्ट्रिक हीटर, डेढ पैकेट व कोयले के गुटके 2 पैकेट माउथ डिस्पोजल, 1 इलेक्ट्रिोनिक एयर पम्प, 1 रखड की चिलम 1 अदद मिट्टी की चिलम, 1 चीनी मिट्टी की चिलम 7 चिमटी, 1 फ्लेवर काटने की कैची, 1 डिब्बी हुक्का फेइल रोल, 3 हुक्का नली बरामद हुए। पुलिस टीम ने ठाकुरगंज निवासी हुक्काबार संचालक अम्मार आब्दी और चित्रकूट पहाड़ी निवासी रोहित कुमार को गिरफ्तार किया।

**छापेमारी**

- » हुक्का समेत कई प्रतिबंधित सामग्री बरामद, संचालक समेत दो लोग गिरफ्तार

# अमराहट थाना मार्ग हुआ गड्ढों मे तब्दील

**कानपुर देहात।** तहसील क्षेत्र के विकास खंड राजपुर अंतर्गत खोजाफूल अमराहट मार्ग कई बिन्दुओं को लेकर महतपूर्ण होने के बावजूद लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों की अनदेखी के चलते गड्ढों मे तब्दील हो गया है। बता दें कि खोजाफूल अमराहट मार्ग अमराहट कैनाल जैसी केन्द्रीय योजना तक पहुंचाने वाला मार्ग डामरीकरण के अभाव मे दयनीय स्थिति पर पहुंच गया है। इतना ही नही उक्त मार्ग अमराहट थाने को भी जोड़ता है। इसी के साथ सम्पर्क मार्ग अंतिम क्रिया के लिए यमुना के किनारे तक पहुंचाता है। भूरे यादव, बृजेन्द्र पाण्डेय, कुंवर पाल सिंह, पूर्व प्रधान मरदान सिंह सहित अनेकों ग्रामीणों ने बताया कि सम्पर्क मार्ग की मरम्मत न होने से पता करना बहुत मुश्किल है कि मार्ग गड्ढो मे है य गड्ढे मार्ग मे है। हालात यह हैं कि आवागमन में ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ता है ।उन्होने बताया कि संपर्क मार्ग खराब होने से आये दिन वाहनो का संतुलन बिगड़ने से पलट जाते हैं। जिससे अंतिम क्रिया के लिए जाने वाले लोग गंभीर रूप से चुटहिल हो जाते है।

**मुश्किल**

- » सम्पर्क मार्ग अंतिम क्रिया के लिए यमुना के किनारे तक पहुंचाता है

# कांग्रेस, भाजपा और सपा से सावधान रहें दलित और पिछड़ेः मायावती

**संवाददाता**

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने दलितों-पिछड़ों के आरक्षण के मामले में भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर हमला करते हुए बृहस्पतिवार को अनुसूचित जाति, जनजाति तथा पिछड़ा वर्ग के लोगो को इन सभी दलों से सावधान रहने की अपील की। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ से बीते दिनों उत्तर प्रदेश सरकार की नगर निकाय चुनाव संबंधी मसौदा अधिसूचना को रद्द करते हुए, बिना ओबीसी आरक्षण के चुनाव कराने का आदेश आने के बाद मायावती ने बृहस्पतिवार को ट्वीट किया कांग्रेस ने केंद्र में अपनी सरकार के चलते पिछड़ों के आरक्षण सम्बन्धी मण्डल आयोग की रिपोर्ट को लागू नहीं होने दिया। साथ ही एससी-एसटी (अनुसूचित जाति-जनजाति) आरक्षण को भी निष्प्रभावी बना दिया और अब भाजपा भी, इस मामले में कांग्रेस के पदचिन्हों पर ही चल रही है। यह अति चिन्तनीय है। मायावती ने अपने सिलसिलेवार ट्वीट में खासतौर से समाजवादी पार्टी पर जोरदार हमला करते हुए कहा, सपा सरकार ने भी अति पिछड़ों को पूरा हक नहीं दिया। एससी-एसटी का पदोन्नति में आरक्षण खत्म कर दिया। इसी ट्वीट में उन्होंने आरोप लगाया, इससे सम्बन्धित विधेयक को सपा ने संसद में फाड़ दिया तथा इसे पारित भी नहीं होने दिया। इन सभी वर्गो के लोग सावधान रहें। अगले ट्वीट में उन्होंने कहा, जबकि बसपा सरकार में एससी-एसटी के साथ-साथ अति पिछड़ों व पिछड़ों को भी आरक्षण का पूरा हक दिया गया। अतः अब आरक्षण पर बड़ी-बड़ी बातें करने से सपा व अन्य पार्टियों को भी कोई लाभ मिलने वाला नहीं। ये सभी वर्ग इन दोगले चेहरों से सतर्क रहें। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को दलित एवं ओबीसी विरोधी करार देते हुए नगर निकाय चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को आरक्षण के मुद्दे पर चर्चा करने के लिए विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की मांग की थी। मायावती का ट्वीट अखिलेश की मांग के बाद आया है।

**पलटवार**

- » सरकार के चलते पिछड़ों के आरक्षण सम्बन्धी मण्डल आयोग की रिपोर्ट को लागू नहीं होने दिया



# नदवा के छात्रों ने ट्रामा सेंटर के मरीजों में कंबल वितरण किए

**संवाददता**

**लखनऊ।** ऑल इंडिया पयामे इंसानियत फेरम लखनऊ यूनिट द्वारा जनाब मोहम्मद रईस साहब की अगवाई में किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के ट्रामा सेंटर के तमाम मरीजों ने कंबल वितरण किए गए इस मौके पर सीएमओ ड्रामा डॉक्टर समीर कुमार ने कहा आप लोगों के काम देख कर मैं हैरान हो जाता हूं आप लोग कितने काम करते हैं इस दौर में भाई को भाई की खबर लेने का वक्त नहीं,मिलने का वक्त नहीं, मगर आप लोग अपनी जान अपने माल अपना वक्त सब लगाकर रोज कुछ ना कुछ काम करते हैं पालनहार आप सबका भला करें खुश रखे फेरम के साथी मौलाना जाहिद अब्बासी नदवी ने कहा पयामे इंसानियत का मकसद लोगों के दिलों को जोड़ना है भाईचारा कायम करना है देश को मजबूत करना है आपस की दूरियों को खत्म करना है मुफ्ती अबुल कासिम नदवी ने कहा हजरत मौलाना अलीम मियां रहमतुल्लाह आलई कहते थे जब नफरत की बुनियाद पर एक घर घर नहीं रहता बल्कि नरग बन जाता है तो इतना बड़ा देश नफरत से कैसे चल सकता है आपस में मोहब्बत को आम करो मोहब्बत दोगे तो मोहब्बत मिलेगी प्रेम दोगे तो प्रेम मिलेगा खुशियां बांटो गे तो खुशियां मिलेगी दूसरों के दर्द को समझोगे अपना दर्द महू हो जाएगा।

### नमामि गंगे योजना तहत हर घर में मिलेगा शुद्ध जल- आर एस गुप्ता

**कानपुर देहात।** जल जीवन मिशन हर घर जल योजना के अंतर्गत 6 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। ट्रेनर राम शरण गुप्ता ने आए हुए राजमिस्त्री व पंप ऑपरेटरों को प्रशिक्षण दिया और विभिन्न जानकारियां दी। रसूलाबाद ब्लाक सभागार में छह दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जहां पंचम दिवस पर आय राजगीर मिस्त्रियों व पंप ऑपरेटरों को प्रशिक्षण दिया गया और बताया गया कि 55 लीटर प्रतिदिन, प्रति व्यक्ति पानी देना है।

## इग्नू मे जनवरी 2023 सत्र के प्रवेश प्रारंभ- डॉअनिल कुमार मिश्र

**कानपुर देहात।** कस्बा स्थित रामस्वरूप ग्राम उद्योग परास्नातक महाविद्यालय में संचालित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू के अध्ययन केंद्र पर क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ के उपनिदेशक डॉअनिल कुमार मिश्र ने दिसंबर सत्र की चल रही सत्रांत परीक्षा का औचक निरीक्षण किया। पत्रकार वार्ता करते हुए जनवरी 2023 सत्र के प्रवेश के संबंध में चर्चा करते हुए बताया कि जनवरी 2023 सत्र के प्रवेश प्रारंभ हो गए हैं। जिसकी अंतिम तिथि 31 जनवरी 2023 निर्धारित है। उक्त सत्र में प्रमाण-पत्र कोर्स डिप्लोमा स्नातक डिग्री परास्नातक डिग्री जैसे लगभग 284 कोर्स में प्रवेश चल रहे हैं। स्नातक स्तर पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के ऐसे परिवार जिनकी वार्षिक आय ढाई लाख रुपए से कम है को शिक्षण शुल्क में छूट प्रदान की गई है। इग्नू का उद्देश्य ऐसे क्षेत्र में गुणवत्ता युक्त शिक्षा का प्रसार करना तथा परिवारों के बीच जाना है।

# राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में कदमताल करने के लिए तैयार नहीं विपक्ष, सपा-बसपा व रालोद एकमत नहीं

**संवाददाता**

**लखनऊ।** भारत जोड़ो यात्रा पर निकले कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ यूपी के दिग्गज सियासतदां कदमताल के लिए तैयार नहीं है। राहुल ने भले ही सपा, बसपा, रालोद समेत अन्य दलों को यात्रा में शामिल होने का न्योता दिया हो, पर अभी तक किसी ने भी अपनी सहमति नहीं दी है। वहीं, कांग्रेस को उम्मीद है कि शायद कुछ दल यात्रा में उसके साथ आएंगे। भारत जोड़ो यात्रा तीन जनवरी को दिल्ली से लोनी बॉर्डर होते हुए यूपी के गाजियाबाद में प्रवेश करेगी। 4 जनवरी को राहुल बागपत से शामली होते हुए हरियाणा में प्रवेश कर जाएंगे। प्रदेश में 110 किमी की पदयात्रा में शामिल होने के लिए राहुल ने बसपा सुप्रीमो मायावती, सपा प्रमुख अखिलेश यादव, आरएलडी अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह और सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर समेत तमाम विपक्षी दलों को निमंत्रण दिया है। कांग्रेस चाहती है कि यदि विपक्षी दलों के प्रमुख स्वयं या उनके प्रतिनिधि यात्रा में शामिल होंगे तो पूरा सियासी परिदृश्य बदल सकता है। इसे ध्यान में रखकर यात्रा के कोऑर्डिनेटर सलमान खुर्शीद दलों से संपर्क साध रहे हैं, जबकि सियासी दल यात्रा से दूरी बनाते नजर आ रहे हैं। हालांकि, आजाद समाज पार्टी प्रमुख चंद्रशेखर का कहना है कि वह पदाधिकारियों से बात कर जल्द अपना रुख साफ करेंगे। दरअसल, विपक्षी दलों का मानना है कि यात्रा में शामिल होते ही अप्रत्यक्ष तौर पर घोषित हो जाएगा कि उन्होंने राहुल गांधी का नेतृत्व स्वीकार कर लिया है। यूपी में पहले निकाय फिर लोकसभा चुनाव हैं। ऐसे में यदि वे यात्रा में पहुंचे तो इसका दूरगामी संदेश जाएगा। सपा के मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी का कहना है कि अभी उन्हें न्योता नहीं मिला है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व्यस्त हैं और उनके पास किसी दूसरे की रैली में शामिल होने का समय नहीं है। बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल का कहना है कि पार्टी सुप्रीमो मायावती इस पर निर्णय लेंगी। हम तो अपनी तैयारियों को पुख्ता करने में जुटे हैं। रालोद के प्रदेश मीडिया संयोजक सुनील रोहटा का कहना है कि निमंत्रण का स्वागत है, लेकिन यात्रा के दौरान पार्टी प्रमुख चौधरी जयंत विदेश जा रहे हैं। यात्रा के लिए अभी ऊपर से निर्देश नहीं मिला है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अशोक सिंह का कहना है कि आज डर की राजनीति हो रही है। हम इसी के खिलाफ मजबूती से लड़ रहे हैं और भारत को जोड़ने के अभियान पर हैं। इसी के तहत अन्य दलों को आमंत्रित किया गया है। वह आते हैं तो उनका बहुत स्वागत है। बाकी उनकी इच्छा है।

**भारत जोड़ो यात्रा**

- » कांग्रेस को उम्मीद है कि शायद कुछ दल यात्रा में उसके साथ आएंगे
- » भारत जोड़ो यात्रा तीन जनवरी को दिल्ली से लोनी बॉर्डर होते हुए यूपी के गाजियाबाद में प्रवेश करेगी



## संक्षिप्त समाचार

### राजेंद्र कुमार ने सफेद मोहरों से खेलते हुए मात्र 11 चालों में बसंत सिंह को किया पराजित

**लखनऊ।** शिवाजी मार्ग स्थित प्रिसिशन चौस अकादमी में खेली जा रही शैल बाला मेमोरियल शतरंज प्रतियोगिता के तीसरे चक्र में पहले बोर्ड पर राजेंद्र कुमार ने सफेद मोहरों से खेलते हुए मात्र 11 चालों में बसंत सिंह पराजित कर पूरा अंक हासिल किया, दूसरे बोर्ड पर शान तिवारी ने मेधांश सक्सेना के खिलाफक्वीन पान ओपनिंग से खेल की शुरुआत की परन्तु मेधांश ने सधी हुई चालों से मात्र 29 चालों में जीत दर्ज कर पूरा अंक हासिल किया, तीसरे बोर्ड पर संयम श्रीवास्तव और समीर मुखर्जी के बीच सिसिलियन डिफेन्स खेला गया संयम ने किंग साइड पर जबरदस्त हमला करते हुए समीर को मात्र 27 चालों में बाजी छोड़ने पर मजबूर कर पूरा अंक प्राप्त किया। तीसरे चक्र की समाप्ति के बाद राजेन्द्र कुमार, मेधांश सक्सेना, संयम श्रीवास्तव और सुनील रमानी 3-3 अंकों के साथ संयुक्त बढ़त बनाये हुए है।

### मानक अनुसार स्कूलों का निरीक्षण करें अधिकारी, डीएम ने दिए निर्देश

**बहराइच।** मिशन कायाकल्प, निपुण भारत मिशन, मिशन प्रेरणा, मध्यान्ह भोजन योजना सहित अन्य योजनाओं की कलेक्ट्रेट में डीएम ने समीक्षा की। इस दौरान जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने निर्देश दिया कि मिशन कायाकल्प योजना से अवशेष विद्यालयों को चिन्हित कर जल्द कार्य शुरू कराया जाए। निपुण भारत मिशन की समीक्षा के दौरान स्कूलों में शिक्षकों और छात्रों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की बात कही। डीएम ने निर्देश दिया कि विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता, शिक्षकों की समयबद्ध उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए बीएसए सहित अन्य अधिकारी मानक के अनुसार विद्यालयों का नियमित रूप से निरीक्षण करें। बैठक में मध्यान्ह भोजन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि निर्धारित मानक के अनुसार बच्चों को मेन्यू के अनुसार एमडीएम उपलब्ध कराया जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को क्वालिटी एजूकेशन के साथ अन्य एक्टिविटी में भी पारंगत बनाएं। डीएम ने कहा कि इससे हमारे बच्चे प्रतिस्पर्धी युग में दूसरे बच्चों के साथ कम्पीट कर सकेंगे। बैठक का संचालन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्त राम तिवारी ने किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एसके सिंह, उप निदेशक कृषि टीपी शाही, बिजली विभाग के अधिशासी अभियन्ता आरएस यादव समेत सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

### कोहरे का सितम,सड़कों पर पसरा सन्नाटा, घरों में दुबके लोग

**बहराइच।** जिले में ठंड व कोहरे का सितम जारी है। सुबह से शुरू हुई गलन भरी ठण्ड से जिला कांप उठा है। सुबह कड़ाके की ठंड से लोगों की दिनचर्या रोज के मुकाबले प्रभावित हो गई। जहां अभी सूर्य की किरणों की साथ सुबह होती थी, वहीं अब धुंध को देख लोग समझ नहीं पा रहे थे कि बदली छाई हुई है या फिर शीतलहर का प्रकोप शुरू हो गया। शिमला और कश्मीर के पहाड़ों पर बर्फबारी थम नहीं रही है। इसका सीधा असर तराई के मैदानी इलाकों में देखा जा रहा है। सुबह से चल रही पछुआ हवा से ठंड और बढ़ गई। गुरुवार की सुबह घने कोहरा से हुई। कोहरा इतना था कि दो मीटर की दूरी पर लोग दिखाई नहीं पड़ रहे हैं। बहुत जरूरी काम होने पर ही लोग घर से बाहर निकल रहे हैं। कुल मिलाकर सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। मौसम पर्यवेक्षक ने बताया कि अभी ठंड से राहत की उम्मीद नहीं है। अब बर्फीली हवाएं तेज होंगी। इससे गलन बढ़ेगी। ठंड के बढ़ते प्रकोप का असर बाजारों में भी दिख रहा है। ठंड से बचने के लिए लोग बाजार में गर्म कपड़ों को खरीदने के लिए पहुंच रहे हैं। शहर के सटीलगंज तालाब पर सुबह से ही खरीदारों की भीड़ दुकानों पर लगी रही। खरीदारों के आने से व्यापारी भी गदगद हैं।

### दरोगा को एसपी ने किया लाइन हाजिर

**बहराइच।** जिले में महापंचायत में शामिल होने जा रहे किसान नेता की गाड़ी पुलिस ने चेकिंग के दौरान रोक ली। सूचना पर पहुंचे किसान यूनियन भानु गुट के युवा जिलाध्यक्ष से कहासुनी होने लगी। आरोप है कि दरोगा ने जिलाध्यक्ष को थप्पड़ मार दिया। जिसके बाद किसान नेताओं ने हंगामा शुरू कर दिया। मामला उच्चाधिकारियों तक पहुंचा। जिसके बाद दरोगा को एसपी ने लाइन हाजिर कर दिया। वहीं सोशल मीडिया पर दरोगा और किसान नेता के बीच बहस का वीडियो भी वायरल हो रहा है। नानपारा कोतवाली के पुलिस उपधीक्षक हेमंत कुमार चौधरी ट्रैफिक पुलिस के साथ नवाबगंज मोड़ पर चेकिंग कर रहे थे। दरोगा ने बाइक पर जा रहे तीन लोगों से हेलमेट न होने की बात कही। इस पर बाइक चला रहे भाकियू नेता उल्टे पुलिस से ही सवाल करने लगे। साथ ही कहने लगे कि आप लोग बिना हेलमेट के ही बाइक चलाते हो, तब कुछ नहीं होता है। ट्रैफिक पुलिस के साथ उप निरीक्षक को अपशब्द कहने लगे। गाड़ी रोकने की सूचना अपने यूनियन के जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू को दी। आरोप है कि जिलाध्यक्ष पहुंचे और गाड़ी छोड़ने की बात कही तो दरोगा ने थप्पड़ मार दिया। जिसके बाद कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन शुरू कर दरोगा के खिलाफनारेबाजी शुरू कर दी। सीओ के आश्वासन पर मामला शांत हुआ। उसके बाद एसपी ने दरोगा हेमन्त कुमार को लाइन हाजिर कर दिया। वायरल वीडियो में साफसुना जा सकता है कि वह गाली दे रहे हैं। साथ ही कैसे कानून का उल्लंघन कर रहे हैं। वह साफ-साफकह रहे हैं, बुलाओ सबको, धरने पर बैठो, रोड जाम करो यहीं पर, अभी सबको बताता हूं। वहीं पास में खड़े किसी अनजान व्यक्ति ने अपने मोबाइल से पूरे विवाद का वीडियो बना लिया। इसके बाद उसने वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

### बोर्ड परीक्षा के लिए 118 परीक्षा केंद्र बने

**बहराइच।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के परीक्षा केंद्रों की अंतिम सूची जारी कर दी गई है। जिले में 118 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिला परीक्षा समिति की ओर से इस वर्ष परीक्षा के लिए 124 केंद्रों का प्रस्ताव भेजा गया था। इसमें से छह केंद्रों को विभिन्न खामियां मिलने के कारण रद्द कर दिया गया है। बीते वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष परीक्षार्थियों की संख्या में इजाफा हुआ है। माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से बोर्ड परीक्षाओं के आयोजन के लिए नवंबर माह में परीक्षा केंद्रों की अनंतिम सूची जारी की गई थी। इसके तहत 99 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। बीते सत्र में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में परीक्षार्थियों की संख्या 53575 थी। परीक्षा के आयोजन के लिए 104 केंद्रों का निर्धारण किया गया था। इस वर्ष परीक्षार्थियों की संख्या बढ़कर 64 हजार 58 हो गई है। ऐसे में परीक्षा केंद्रों की संख्या बढ़ने की संभावना व्यक्त की जा रही थी। परीक्षा केंद्रों पर आई आपत्तियों के बाद जिला परीक्षा समिति ने 124 परीक्षा केंद्रों का प्रस्ताव माध्यमिक शिक्षा परिषद को भेजा गया था। परिषद की ओर से इनमें से 118 केंद्रों का निर्धारण किया गया है। बोर्ड की ओर से पूर्व में जारी सूची में नगर के प्राचीन विद्यालयों में शामिल महाराज सिंह इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र नहीं बनाया गया था। अंतिम सूची में इसे परीक्षा केंद्र बना दिया गया है। वहीं, मोतीपुर क्षेत्र अंतर्गत शारदा सहायक परियोजना इंटर कॉलेज को बोर्ड परीक्षा की सादी उत्तर पुस्तिकाएं गायब होने के कारण परीक्षा केंद्र नहीं बनाया गया है।

### शीतलहर से जन-जीवन अस्त-व्यस्त,कोहरे से वाहनों की रफ्तार हुई धीमी

**अमेठी।** जिले में बढ़ते ठंड और गलन से जन-जीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त है। दो दिन मौसम खुलने के बाद आज एक बार फिर अमेठी पूरी तरह कोहरे की चादर से ढक गई। कोहरे से जहां वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई, वहीं ठंड से बचने के लिए लोग जगह-जगह अलाव का सहारा लेते नजर आए। जिले में पारा 10 के नीचे पहुंच गया है। दरअसल, अमेठी में पिछले कई दिनों से तेज हवाओं की वजह से भीषण ठंड पड़ रही है। पिछले दो दिन मौसम खुलने से लोगों को थोड़ी राहत मिली, लेकिन आज सुबह एक बार फिर कोहरे ने पूरे जिले को ढक लिया। कोहरे की वजह से दृष्यता कम हो गई, जिससे वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई। वाहन चालक दिन में भी गाड़ियों की हेड लाइट के सहारे गाड़ियां चलाते नजर आए। वही ठंड से बचने के लिए बड़ी संख्या में लोग लोग अलाव के पास बैठे नजर आए। मौसम विभाग के अनुसार अगले 72 घंटे तक ठंड से राहत मिलने के आसार कम नजर आ रहे हैं। ठंड के साथ ही गलन पड़ने से जहां लोगों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है, वहीं किसानों के सामने भी मुश्किल खड़ी हो रही है। कृषि अधिकारी का कहना कहना है की इस समय किसानों को अपने आलू की फसल को बचाने का प्रयास करना चाहिए।

### बढ़ती ठंड से लोग परेशान,अभी तक नहीं जल रहे अलाव, कंबल वितरण भी नहीं हुआ

बस्ती,29 दिसम्बर 2022 (यूएनएस)। रुधौली के भाजपा के पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर बढ़ती ठंड में अलाव जलवाने और जरूरतमंदों को कंबल बंटवाने की मांग की है।

# ओबीसी आरक्षण को फर्जी मुद्दा बना रहे अखिलेश यादव : केशव

## हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफसुप्रीम कोर्ट जा रही सरकार

**संवाददाता**

**लखनऊ।** कड़ाके की सर्दी में भी सियासी गर्मी बढ़ी है। निकाय चुनाव में ओबीसी रिजर्वेशन को लेकर सियासी पारा गर्म हो गया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के आदेश के बाद योगी सरकार ने अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग का भी गठन कर दिया है, लेकिन इसके बावजूद विपक्ष मोर्चाबंदी में जुटा है। यूपी की मुख्य विपक्षी पार्टी समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने ओबीसी रिजर्वेशन के मुद्दे पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य पर निजी हमला भी बोला है। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने अखिलेश यादव के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि अखिलेश यादव निकाय चुनाव में ओबीसी रिजर्वेशन को फर्जी राजनीतिक मुद्दा बनाने की कोशिश कर रहे हैं। जहां तक मुझ

**तीखें बोल**

- कड़ाके की सर्दी में भी सियासी गर्मी बढ़ी है
- निकाय चुनाव में ओबीसी रिजर्वेशन को लेकर सियासी पारा गर्म हो गया
- अखिलेश यादव ने ओबीसी रिजर्वेशन के मुद्दे पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य पर निजी हमला भी बोला



पर निजी हमले का सवाल है पार्टी हर कार्यकर्ता के लिए मां के समान है। मां यानि पार्टी के आदेश से ही यूपी में दूसरी बार डिप्टी सीएम की जिम्मेदारी संभाल रहा हूं।केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जब अखिलेश यादव, शिवपाल यादव या पूरा सैफई परिवार मुझ पर निजी हमले करते हैं तो वह हमला मेरे ऊपर नहीं बल्कि मेरी मां यानि मेरी पार्टी पर करते हैं। ऐसे हमलों का जवाब पार्टी और जनता देगी।डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने अखिलेश यादव पर आरोप लगाया कि वह पिछड़े वर्ग के नेताओं का भला नहीं चाहते हैं बल्कि पिछडे वर्ग का जो नेता राजनीति में आगे बढ़ रहा है उसको छोटा करने में लगे रहते हैं। इसी कारण वह 2014 से 22 तक लगातार चुनाव भी हार रहे हैं और आगे भी हारेंगे।केशव प्रसाद मौर्या ने साफ किया कि सरकार इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के फैसले का सम्मान करती है लेकिन इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जा रही है। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य प्रदेश की जनता को भरोसा दिलाया है कि सरकार बगैर ट्रिपल टी फार्मूले के तहत ओबीसी आरक्षण सुनिश्चित किए बिना निकाय चुनाव नहीं कराएगी। डिप्टी सीएम ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 2010 में ही ट्रिपल टी फार्मूले को लेकर आदेश पारित किया था। 2012 से 2017 तक स्थानीय निकाय और पंचायत के चुनाव रैपिड सर्वे से ही समाजवादी पार्टी ने कराया था। समाजवादी पार्टी ने भी ट्रिपल टी के फार्मूले का पालन कराने के लिए कभी कमीशन का गठन नहीं किया,लेकिन 2022 में जब बीजेपी सरकार इसी फार्मूले के तहत रैपिड सर्वे के आधार पर निकाय चुनाव करा रही थी तब उसको विपक्ष बेवजह मुद्दा बनाने में जुटा है।

### जेएन मेडिकल कॉलेज में पेसमेकर परीक्षण शिविर 11 जनवरी को

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जेएन मेडिकल कॉलेज के कार्डियोलॉजी विभाग द्वारा कार्डियोलॉजी ओपीडी नंबर 14 में बुधवार, 11 जनवरी, 2023 को सुबह 10 बजे से पेसमेकर चेकअप कैंप लगाया जाएगा। उपरोक्त जानकारी देते हुए कार्डियोलॉजी विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर एमयू रब्बानी ने बताया है कि जेएन मेडिकल कॉलेज अस्पताल या किसी अन्य अस्पताल में लगाए गए पेसमेकर (सिंगल चौम्बर,डुअल चेंबर,आईसीडी,सीआरटी) वाले सभी मरीज शिविर में आकर अपने पेसमेकर का परीक्षण करा सकते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि मरीज पेसमेकर रिकॉर्ड के साथ आएं।अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 7599050505 पर संपर्क किया जा सकता है।

# पहले भी कई बार रैपिड सर्वे के आधार पर ही हुए हैं निकाय चुनाव

## व्यवस्था के मुताबिक निकाय चुनाव में पिछड़ों को आरक्षण देने की प्रक्रिया लागू की गई

**संवाददाता**

**लखनऊ।** निकाय चुनाव के लिए में पिछड़ों को आरक्षण दिए जाने के लिए रैपिड सर्वे को आधार बनाने को लेकर विपक्षी दल भले ही मौजूदा सरकार को कठघरे में खड़ा कर रहे हैं। लेकिन, इससे पहले की सरकारों में भी इसी को आधार बनाकर निकाय और त्रिस्तरीय पंचायतों के चुनाव कराए गए थे। अलबत्ता उस दौर में इस तरह से हो-हल्ला नहीं मचा था।




उप्र नगर पालिका अधिनियम-1994 में दी गई व्यवस्था के मुताबिक निकाय चुनाव में पिछड़ों को आरक्षण देने की प्रक्रिया लागू की गई थी। इसी आधार पर 1994 के बाद से 1995, 2000, 2006, 2012 और 2017 में हुए निकाय चुनाव भी रैपिड सर्वे के आधार पर ही कराये गए हैं। बता दें कि अधिनियम में ही पिछड़ों को आरक्षण देने के लिए रैपिड सर्वे कराने का प्रावधान है। इसके तहत ही प्रत्येक निकायों में पिछड़ों की संख्या जानने के लिए रैपिड सर्वेक्षण कराया जाता है। 2001 में हुई जनगणना के बाद 2005 में हुए पहले निकाय चुनाव में भी अधिनियम के दिए गए प्रावधान के मुताबिक ही रैपिड सर्वे के आधार पर पिछड़ों की सीटों का आरक्षण तय किया गया था। यही प्रक्रिया 2017 के चुनाव में भी अपनाई गई थी।

चूंकि मौजूदा सरकार ने 2017 के निकाय चुनाव के बाद से अब तक कुल 111 नये नगर निकायों का गठन और 130 नगर निकायों का सीमा विस्तार किया है। वहीं अधिनियम में दी गई व्यवस्था और रैपिड सर्वे के संबंध में शासन की ओर से जारी शासनादेश को न्यायालय द्वारा अब तक निरस्त नहीं किया गया है। इसलिए सरकार ने इस चुनाव में भी पूर्व निर्धारित व्यवस्था के आधार पर ही रैपिड सर्वे कराया था और उसके मुताबिक ही पिछड़ी जाति के लिए सीटों का आरक्षण जारी किया था, जिसे कोर्ट ने नहीं माना है।

### प्रोस्थोडॉन्टिक्स में क्लिनिकल ट्रेनिंग प्रोग्राम 20 जनवरी से शुरू होगा

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के प्रोस्थोडॉन्टिक्स विभाग द्वारा तीन महीने का स्व-वित्तपोषित प्रशिक्षण कार्यक्रम 'क्लीनिकल ट्रेनिंग इन प्रोस्थोडॉन्टिक्स' 20 जनवरी 2023 से शुरू हो रहा है। प्रोस्थोडॉन्टिक्स विभाग की चेयरपर्सन प्रोफेसर शाइस्ता अफ्रोज ने कहा कि फ्डेंटल काउंसिल ऑफइंडिया से मान्यता प्राप्त संस्थानों से बीडीएस स्नातक जिन्होंने इंटर्नशिप पूरी कर ली है, वे अपना आवेदन पत्र 14 जनवरी 2023 तक चतवेजीवकवदजपबे6कब/हउंपस.बवउ पर ईमेल कर सकते हैं। प्रवेश के समय वांछित शुल्क जमा करना होगा। प्रवेश पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा।

### मुख्यमंत्री योगी से मिलीं राजस्थान की पूर्व सीएम वसुंधरा राजे



**संवाददाता**

**लखनऊ।** राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने योगी सरकार में किए गए कार्यों की प्रशंसा की और कहा कि लोक कल्याण के मार्ग पर चलते हुए मुख्यमंत्री योगी ने उत्तर प्रदेश को उन्नति की जो ऊंचाइयाँ दी है, वह निश्चित रूप से अभूतपूर्व है।

## दवा फर्म कर्मचारी के घर पर हुई चोरी का खुलासा

**संवाददाता**

**लखनऊ।** ठाकुरगंज में बदमाश दवा फर्म कर्मचारी के घर का ताला तोड़कर चोरी के इरादे से घुसे थे, लेकिन कमरे में मौजूद बेटी को देखकर लुटेरों ने उसको बंधक बनाया और लाखों का जेवर बटोर कर भाग निकले। गुरूवार को पुलिस ने सराफा समेत आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से लूटे गए आभूषण और असलहा बरामद हुआ है। कमिश्नर ने खुलासा करने वाली टीम को पुरस्कार देने की घोषणा की है। एडीसीपी चिरंजीव नाथ सिन्हा के मुताबिक, घटना के खुलासे के लिए टीम लगाई गई। सर्विलांस की मदद से पुलिस ने बदमाश सरोजनीनगर निवासी हबीब, रिषभ, चौक निवासी दिलशाद, ठाकुरगंज निवासी गौरव मिश्र, तालकटोरा निवासी आकाश यादव, अमन यादव, इम्तियाज को दबोचा है। एसीपी

**सफलता**

- चोरी करने वाले गिरोह ने छात्रा को बंधक बना कर की थी लूट, सराफा समेत आठ गिरफ्तार

आईपी सिंह के मुताबिक, आरोपियों ने लूट के जेवर को फौरन ठिकाने लगाने के लिए जुगाड़ करने लगे। आकाश ने राजाजीपुरम निवासी व्योम रस्तोगी से संपर्क किया। इसके बाद उसको जेवर दे दिए। उसने जेवर का पेमेंट दो तीन दिन के बाद करने को कहा। एडीसीपी चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि बदमाश हबीब और दिलशाद ने मकान में ताला बंद देखा तो वे लोग दीवार फांद कर अंदर दाखिल हुए।

## मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मण्डलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

**संवाददाता**

**लखनऊ।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समस्त मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में कृषि, पशुधन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य और राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा की। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने प्रदेश में बढ़ती ठंड के दृष्टिगत जरूरतमंदों को कम्बल बांटने और सार्वजनिक स्थलों पर पर्याप्त मात्रा में अलाव की व्यवस्था करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिये धनराशि की कोई कमी नहीं है,

**समीक्षा बैठक**

- कृषि, पशुधन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य और राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा

आवश्यकता पड़ने पर जनपद द्वारा अतिरिक्त धनराशि की डिमाण्ड की जा सकती है। कंबल की खरीद जेम पोर्टल के माध्यम से की जाये और खरीद में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये। कंबल वितरण में जन प्रतिनिधियों, एनजीओज, दान दाताओं आदि का भी सहयोग लिया जा सकता है। ठंड के मौसम में सड़क पर



कोई भी व्यक्ति सोता हुआ न दिखे। सभी जनपदों में रैन बसेरे क्रियाशील होने चाहिये। समय-समय पर रैन बसेरों का औचक निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि ठंड व चारे के अभाव में किसी भी गौवंश की मृत्यु न होने पाये। गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंश को ठंड से बचाव की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। गोवंश को ठंड से बचाने के लिए शेड को जूट के बोरे अथवा तिरपाल से ढकने की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि किसानों की फसलों के नष्ट होने से उनके परिवारों के समक्ष भरण-पोषण का संकट खड़ा हो जाता है, इसलिये छुट्टा पशुओं से किसानों की फसलों का नुकसान कतई नहीं होना चाहिये, इसके लिये सभी जरूरी उपाय सुनिश्चित किये जायें। स्थाई व्यवस्था अपर्याप्त होने पर अस्थाई व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये।

### एएमयू की शिक्षिका एवं शोधार्थी को अवॉर्ड से सम्मानित किया गया

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग की फैकल्टी सदस्य जेबा सरमद को इंटरनेशनल ई-कॉन्फ्रेंस सीरीज एंड एकेडमिक एक्सीलेंस अवार्ड समारोह में एआईसीपीई आरटी-एकेडमिक एक्सीलेंस अवार्ड-2022 से सम्मानित किया गया और उन्हें सर्वश्रेष्ठ युवा फैकल्टी का पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय उत्पादक शिक्षा, अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एआईसीपीईआरटी) और उद्यमिता विकास सेल, एएमयू के सहयोग से किया गया था।

## किसानों के गन्ना मूल्य भुगतान को प्राथमिकता दें चीनी मिलें: गन्ना मंत्री

**संवददाता**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा त्वरित गन्ना मूल्य भुगतान हेतु दिये गये निर्देशों के क्रम में गन्ना विकास विभाग ने भुगतान के मुद्दे पर सख्त रूख अपना लिया है। प्रदेश की जिन चीनी मिलों का गत पेराई सत्र का गन्ना मूल्य भुगतान अवशेष है उन सभी चीनी मिलों को 15 जनवरी, 2023 तक गन्ना मूल्य भुगतान करने के निर्देश दिये गये हैं। इसी क्रम में आज यहाँ अपने कार्यालय कक्ष में प्रदेश के गन्ना

**सहयता**

- गन्ना मंत्री की अध्यक्षता में पेराई सत्र 2021-22 के अवशेष गन्ना मूल्य भुगतान की समीक्षा की गई

मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी की अध्यक्षता में बजाज समूह, मोदी समूह, सिम्भावली समूह, राणा समूह की ऊन चीनी मिल एवं शामली चीनी मिल के ग्रुप हेड, महाप्रबन्धक,यूनिट हेड्स एवं मुख्य वित्त अधिकारी के साथ चीनी मिलवार गन्ना मूल्य भुगतान की समीक्षा की गयी।समीक्षा बैठक में गन्ना मंत्री द्वारा उपरोक्त चीनी मिलों को पेराई सत्र 2021-22 के अवशेष गन्ना मूल्य का तत्काल भुगतान सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिये गये। गन्ना मंत्री ने चीनी मिलों के प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार समय से गन्ना मूल्य भुगतान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

### नर्सिंग छात्रों ने अनाथालय और अहमदी स्कूल का दौरा किया

**अलीगढ़।** कॉलेज ऑफ नर्सिंग, एएमयू के जीएनएम तृतीय वर्ष के 14 छात्र-छात्राओं ने फैकल्टी सदस्यों श्रीमती रुबीना नाज और श्रीमती दीप्ति मिंज के साथ अलीगढ़ में अनाथों और मानसिक रोगियों के लिए 'मिशनरी ऑफ होम चौरिटी का दौरा किया। जहां पर सिस्टर और अधिकारियों ने छात्रों का स्वागत किया और उन्हें अनाथालय के इतिहास और इसकी स्थापना के बारे में बताया। विद्यार्थियों ने मरीजों से बातचीत भी की और विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लिया। इसके अलावा नर्सिंग कॉलेज के छात्रों ने अहमदी स्कूल का दौरा भी किया जहां उन्होंने अहमदी स्कूल के छात्रों से बातचीत की और स्कूल की विभिन्न सुविधाओं और गतिविधियों का अवलोकन किया। नर्सिंग कॉलेज की प्रिंसिपल प्रोफेसर डॉ. फराह आजमी ने इन यात्राओं के आयोजन के लिए अपने छात्रों और कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की।

## लखनऊ के प्रतिनिधि व सीनियर पत्रकार प्रांशु मिश्र के कर कमलो के द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ

# बाल संरक्षण पर एक दिवसीय राष्ट्रीय परिचर्चा संपन्न

**संवाददाता**

**लखनऊ।** आज लखनऊ में विज्ञान फाउडेशन के द्वारा डायलाग वर्क्स कैंपेन के तहत बाल संरक्षण हितग्राहियों के साथ में एक दिवसीय राष्ट्रीय परिचर्चा का आयोजन किया गया। परिचर्चा फैजाबाद रोड पर स्थित बेबियन होटल में आयोजित की गई। उक्त परिचर्चा का शुभारम्भ नीति आयोग की स्टैंडिंग समिति के सदस्य श्री संजय मिश्र जी, उत्तर प्रदेश राज्य बाल संरक्षण आयोग

**आयोजन**

- परिचर्चा फैजाबाद रोड पर स्थित बेबियन होटल में आयोजित की गई

के सदस्य श्याम त्रिपाठी व अनीता अगरवाल, पुलिस महानिरीक्षक, लोक शिकायत अमित पाठक, वन स्टॉप क्राइसिस सेण्टर से सुश्री अर्चना सिंह, श्रम विभाग लखनऊ के प्रतिनिधि व




सीनियर पत्रकार प्रांशु मिश्र के कर कमलो के द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। परिचर्चा में बाल संरक्षण से जुड़े विभिन्न नेटवर्क, सिविल सोसाइटी संगठन, चाइल्ड लाइन के प्रतिनिधि ,इसके साथ साथ लखनऊ से विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य वसीएसी के बच्चे व उनके अभिभावक मौजूद रहे। सर्वप्रथम संस्था सचिव संदीप खरे द्वारा इस परिचर्चा के उद्देश को बताया गया कि डायलाग वर्क्स कैंपेन जो कि विश्व के 16 देशो में बाल श्रमिको के हितो को पूरा करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है उसके तहत संस्था के द्वारा 2 बाल सलाहकार समिति का गठन किया गया है जो पूरा प्रयास करती है कि कामगार बच्चो के हकों का उलंघन न होने पाए और उनके मुद्दे हितग्राहियों के पास सीधे पहुचाये जा सकें, इसी सोच के साथ इस परिचर्चा को किया जा रहा है। परिचर्चा में सभा को संबोधित करते हुए एससीपीसीआर के माननीय सदस्यों श्याम त्रिपाठी व अनीता अगरवाल ने इस आयोग की उपयोगिता व कार्यप्रणाली बताई। उन्होंने यह भी बताया की कैसे आयोग बाल श्रम उन्मूलन व उनके संरक्षण के मुद्दे पर गंभीरता से काम करता है।

# सम्पादकीय

## चीन ने चौंकाया

अपनी कठोर जीरो टॉलरेंस नीति के लिये कुख्यात रहे चीन ने कोरोना विस्फोट के बीच हाल ही में जो घोषणाएं की हैं उसने पूरी दुनिया को चौंकाया है। ऐसे वक्त में जब गैर सरकारी सूत्रों के हवाले से कुछ ही दिनों में करोड़ों लोगों के संक्रमित होने की खबरें आ रही हैं, चीन सरकार के हालिया फैसले हैरत में डालते हैं। दरअसल, कठोर कोविड नीति के खिलाफ उग्र आंदोलन के बाद राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने आंदोलन के दमन के बजाय कोविड नीतियों में ढील देने का विकल्प चुना। शायद वे इस आंदोलन को हवा नहीं देना चाहते थे। दरअसल, चीन की जनता करीब तीन साल के सख्त प्रतिबंधों से उकता गई थी। वहां लोग सामान्य जीवन के लिये तरस रहे थे। वहीं जीविका का बड़ा संकट भी पैदा हो गया। वैश्विक विरोध और विषम आर्थिक परिस्थितियों के चलते चीन बड़े आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है। बड़े उद्योग चीन से बाहर जा रहे हैं। ऐसे में चीन की सरकार को लगता है कि सख्त कोविड नीतियों से एक तो कोरोना को हराया नहीं जा सका, वहीं कारोबार के क्षेत्र में भारी क्षति उठानी पड़ रही है। यही वजह है कि शी जिनपिंग सरकार ने अपनी कठोर नीतियों में अप्रत्याशित बदलाव किया है। चीन ने कोरोना के उफान के बीच घोषणा की है कि वह 8 जनवरी से अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के लिये तमाम अवरोधों को समाप्त कर देगा। चीन तीन साल से बंद अपनी अंतर्राष्ट्रीय सीमाएं खोल देगा। इतना ही नहीं विदेशों से आने वाले यात्रियों को क्वारंटाइन की अनिवार्यता से छूट भी देगा। यहां तक कि चीन ने कोरोना संक्रमण के दैनिक मामलों की घोषणा करनी भी बंद कर दी है ताकि देश-विदेश में चीन को लेकर भय का वातावरण न बने। इतना ही नहीं, कोविड प्रबंधन के नये नियमों के साथ अगले माह से कोविड संकट के वर्ग को डाउनग्रेड कर दिया जाएगा। अब यह डेंगू बुखार जैसी कम गंभीर श्रेणियों में रहेगा। कुल मिलाकर चीन ने तय कर लिया है कि 'जान के साथ जहान' की नीति का अनुसरण किया जायेगा। जब कोरोना संकट के बाद सख्त प्रतिबंधों के बावजूद यह संकट टला नहीं तो चीन को अपना आर्थिक साम्राज्य दरकने की चिंता सताने लगी। वहीं देश के भीतर भी सख्त नियमों से दुखी लोग सड़कों पर उतर आए। तभी चीनी सरकार ने कोरोना के भय को खत्म करने लिये न केवल सख्त नियमों में छूट दे दी, बल्कि साथ ही विदेशी व्यापार के अनुकूल स्थितियां बनाने की तैयारी शुरू की। कारोबारी कंपनियों ने भी चीन सरकार के इस फैसले का स्वागत किया है। विदेशी फर्मों का मानना है कि मंदी से पस्त व्यावसायिक गतिविधियों को पुनर्जीवित करने के लिये विदेशी यात्रियों का आगमन सुगम बनाना स्वागत योग्य है। दरअसल, अब तक कोविड पर जीरो टॉलरेंस की नीति के चलते विदेश से आने वाले यात्री को अनिवार्य रूप से दो सप्ताह तक सरकारी आवास में क्वारंटाइन में रहना पड़ता था। जिसे बाद में पांच व तीन दिन कर दिया गया।

## जिंदगी हारते लोग

कलाकार भी आखिर इंसान होते हैं और उनकी जिंदगी के तनाव और दबाव भी कई बार इस कदर जटिल हो सकते हैं, जिसमें आखिरकार वे हार जाएं। पर सवाल है कि साधारण लोगों की दुनिया के मुकाबले संगठित रूप से काम करने वाले फिल्म या टीवी धारावाहिकों के उद्योग ने इतने सालों के सफर के बावजूद ऐसा तंत्र विकसित क्यों नहीं किया है, जिसमें बेहद मुश्किल हालात का सामना करता कोई कलाकार अपने लिए जिंदगी की उम्मीद देख पाए? यह मसला एक बार फिर चिंता का केंद्र इसलिए बना है कि पिछले हफ्ते टीवी धारावाहिकों की एक अभिनेत्री काम की जगह पर ही फंदे से लटकी मिली। सिर्फ इक्कीस साल की उम्र में उसकी इस तरह मौत किसी भी संवेदनशील व्यक्ति को परेशान करने वाली है। इतनी कम आयु में ही उसने धारावाहिक और मनोरंजन जगत में अच्छी पहचान बना ली थी। अभी उसके सामने लंबी जिंदगी, मौके और खुला आसमान था, जहां वह भविष्य की ऊंची उड़ान भर सकती थी। मगर आखिर क्या ऐसा हुआ, जिसका हल उसे अपनी जान देने में ही नजर आया! सामान्य नजरिए से देखें तो यही कहा जा सकता है कि आत्महत्या की दूसरी घटनाओं में जिस तरह व्यक्ति हार कर ऐसा कदम उठाता है, वैसी ही कोई परिस्थिति पैदा हुई होगी। पर वे कौन-सी और कैसी असामान्य परिस्थितियां सामने आईं कि अभिनेत्री ने उनसे बचने या टकराने के बजाय जिंदगी की हार का रास्ता चुना? पिछले कुछ सालों में सुशांत सिंह राजपूत, वैशाली ठक्कर, आसिफ बसरा और कुशल पंजाबी से लेकर परीक्षा मेहता जैसे अनेक कलाकारों ने कम समय में ही बालीवुड या टेलीविजन में अभिनय की दुनिया में अपनी अच्छी पहचान बनाई थी, लेकिन अचानक उनके आत्महत्या कर लेने की खबरें आईं। निश्चित रूप से खुदकुशी सबसे तकलीफदेह हालात के सामने हार जाने का नतीजा होती है और ऐसा फैसला करने वालों के भीतर वंचना का अहसास, उससे उपजे तनाव, दबाव और दुख का अंदाजा लगा पाना दूसरों के लिए मुमकिन नहीं है। मगर किसी भी स्थिति में जीवन खो देने के बजाय हालात से लड़ना और उसका हल निकालना ही बेहतर रास्ता होता है। ऐसी घटनाएं सामने आने के बाद बिना किसी ठोस आधार के कई बार कुछ विवाद खड़े हो जाते हैं। पर मुख्य सवाल यही रह जाता है कि आमतौर पर सभी सुविधाओं से लैस, अपने आसपास कई स्तर पर समर्थ लोगों की दुनिया में सार्वजनिक रूप से अक्सर मजबूत दिखने के बावजूद कोई व्यक्ति भीतर से इतना कमजोर क्यों हो जाता है कि जिंदगी के उतार-चढ़ाव या झटकों को बर्दाश्त नहीं कर पाता? जाहिर है, सामाजिक प्रशिक्षण के अलावा सामुदायिक स्तर पर एक ऐसे ठोस तंत्र की जरूरत है।

# रूसी नेता की रहस्यमय मौत

**ओडिशा** के होटल में रूसी कारोबारी और राजनेता पावेल एंटोव और उनके मित्र व्लादिमीर बुडानोव की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत पर हड़कम्प मचा हुआ है लेकिन दोनों की मौत पर सवाल भी उठ रहे हैं। यह पिछले 6 महीनों में रूसी धनकुबेरों की हो रही संदिग्ध परिस्थितियों में मौतों के सिलसिले में नई मौतें हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि यह मौतें भारत में हुई हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध के शुरू होने के बाद 3 जून को पहली बार किसी रूसी कारोबारी की मौत हुई थी, जिसे सामान्य मौत नहीं कहा जा सकता, लेकिन जांच में हत्या के कोई सबूत नहीं मिल पाए थे। तब से अब तक मौतों की संख्या 21 हो चुकी है। इनमें से कई व्यवसाइयों ने यूक्रेन पर रूसी हमले की कड़ी आलोचना की थी। मारे गए सभी व्यवसाइयों का संबंध या तो तेल और गैस कम्पनियों से था या फिर वे रूस की आंतरिक राजनीति में सक्रिय थे। पावेल एंटोव भी रूसी सांसद थे। वह अपना जन्मदिन का जश्न मनाने भारत आए हुए थे। उनकी छत से गिरने से मौत हुई। जबकि दो दिन पहले उनके मित्र होटल के कमरे में मृत मिले थे। यद्यपि रूसी दूतावास का कहना है कि दोनों की मौत से अभी तक कोई आपराधिक

> **6 महीनों में रूसी धनकुबेरों की हो रही संदिग्ध परिस्थितियों में मौतों के सिलसिले में नई मौतें हैं। फर्क सिर्फइतना है कि यह मौतें भारत में हुई हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध के शुरू होने के बाद 3 जून को पहली बार किसी रूसी कारोबारी की मौत हुई थी, जिसे सामान्य मौत नहीं कहा जा सकता, लेकिन जांच में हत्या के कोई सबूत नहीं मिल पाए थे। तब से अब तक मौतों की संख्या 21 हो चुकी है। इनमें से कई व्यवसाइयों ने यूक्रेन पर रूसी हमले की कड़ी आलोचना की थी। मारे गए सभी व्यवसाइयों का संबंध या तो तेल और गैस कम्पनियों से था या फिर वे रूस की आंतरिक राजनीति में सक्रिय थे। पावेल एंटोव भी रूसी सांसद थे। वह अपना जन्मदिन का जश्न मनाने भारत आए हुए थे। उनकी छत से गिरने से मौत हुई।**

कड़ी नहीं जुड़ी है, लेकिन इन मौतों से संदेह काफी गहरा गया है। रूसी सांसद पावेल एंटोव रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन के कट्टर आलोचक थे। अब घटना से यह एंगल जुड़ जाने के बाद संदेह और भी गहरा गया है। रूस ने जब यूक्रेन पर हमला किया तो एंटोव ने इसे पुतिन का आतंक बताया था। हालांकि पुलिस अधिकारी इस मौत को आत्महत्या का मामला बता रहे है। कहा जाता है कि एंटोव अपने दोस्त की मौत के बाद तनाव में थे। यूक्रेन पर हमला करके दुनिया को डराने वाले पुतिन के राजनीतिक इतिहास पर गौर करें तो उन्होंने पिछले दो दशकों में एक-एक करके अपने सभी विरोधियों कोष्ठिकाने लगा दिया। जोसफ स्टालिन के बाद देश पर सबसे लम्बे समय तक रूस पर राज करने का रास्ता भी उन्होंने तलाश लिया है। विपक्ष को खत्म करने के लिए पुतिन ने हर वो तरीका अपनाया जो किसी समय में जर्मन के तानाशाह हिटलर ने अपनाया था। वर्ष 2018 में पुतिन चौथी बार इस पद पर चुने गए थे। उनका कार्यकाल 2024 तक है। पुतिन की छवि अपने विरोधियों को निपटाने वाले एक सख्त शासक की है। उन्हें 2014 में पड़ोसी देश यूक्रेन के हिस्से वाले क्रीमिया पर कब्जा करने से पूरी दुनिया रोक नहीं पाई थी। पश्चिमी देशों की पाबंदियों के बावजूद रूस कमजोर नहीं हुआ। पुतिन ने अपने हिम्मत विरोधियों को लगातार निपटाया है।

पिछले राष्ट्रपति चुनाव के दौरान विपक्षी नेता एलेक्सी नवेलनी नवलनी ने पुतिन के करीबी दिमित्री मेदवेदेव की आकूत सघ्म्पत्ति का खुलासा किया था, इसके चलते नवलनी रूसी युवाओं में खासे पसंद भी किए जा रहे थे, लेकिन एक पुराने मामले में दोषी ठहरा दिए गए और राष्ट्रपति पद के लिए उनकी उम्मीदवारी पर प्रतिबंध लगा दिया गया। आरोप है कि रूसी राजनीति से ठिकाने लगाने के लिए अगस्त 2019 में साइबेरिया से मास्को लौटते हुए नवलनी को विमान में चाय में मिलाकर खतरनाक जहर दिया गया। इसको पीते ही उनकी तबियत खराब होने लगी और वो अचानक बेहोश हो गए। इसके बाद उन्हें वहीं के एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। 17 जनवरी, 2021 को जर्मनी से इलाज कराकर मास्को लौटे एलेक्सेई नवलनी को रूसी सरकार ने पैरोल नियमों का उल्लंघन करने के मामले में जेल में डाल दिया, वे तब से जेल में ही हैं। इससे पहले साल 2015 में पुतिन के कट्टर विरोधी और रूस के पूर्व उपप्रधानमंत्री बोरिस नेमत्सोव की भी मॉस्को में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बोरिस का मानना था कि क्रीमिया का



विलय पुतिन का एकतरफा फैसला था, जो पुतिन ने निजी स्वार्थ में लिया, वो इसे लेकर कुछ खुलासा करने वाले थे, लेकिन उससे पहले ही उनकी हत्या कर दी गई। रूस में विपक्ष नाममात्र का ही है, तो मीडिया पर पुतिन की जबरदस्त पकड़ है। कहते हैं कि रूस में वही खबरें दिखाई जाती हैं, जो पुतिन के फैसलों का समर्थन करती हैं और उनके पक्ष में प्रोपेगैंडा चलाती हैं।

जहां तक पावेल एंटोव का सवाल है पुतिन की आलोचना करने पर वह अपने ही देश में घ्घिर गए थे और बढ़ते राजनीतिक दबाव के बीच उन्होंने अपना बयान वापिस लेते हुए माफी भी मांगी थी। उन्हें यह कहना पड़ा था कि वे हमेशा से ही पुतिन का समर्थन करते हैं और देश के सैन्य लक्ष्यों के साथ खड़े हैं। 2019 में फोर्ब्स रूस ने एंटोव को सबसे धनी सांसद घोषित किया था और उनकी वार्षिक आय 130 मिलियन पाउंड बताई गई थी। एंटोव कम्पनियों के व्लादिमीर मानक समूह के संस्थापक थे जो कुछ वर्षों में बहुत बड़ा उद्योग समूह बन गया था। पुलिस अब सभी कोणों से जांच कर रही है कि क्या उनकी मौत आत्महत्या थी या वह गलती से छत से गिर गए थे। वैसे पुतिन विरोधियों की मौत के कारणों का सच हमेशा दफन ही रहता है, लेकिन भारत में हुई रूसी व्यापारियों की मौत का सच तो तलाश किया ही जाना चाहिए।

# अफगानिस्तान पर फिर से तालिबान का कब्जा

अगस्त 2021 में अफगानिस्तान पर फिर से तालिबान ने कब्जा जमा लिया था, तो यह आशंका व्यक्त की जा रही थी कि वहां प्रगतिशील और उदार समाज की बची-खुची गुंजाइश भी खत्म हो जाएगी। और यह कड़वा सच एक महीने के भीतर ही दिखने लगा था। महिलाओं पर कई तरह की पाबंदियां लगना शुरू हो गई थीं। तालिबान ने महिलाओं के विदेशी कपड़े पहनने, पुरुषों के साथ दफ्तर में कामकाज करने, कॉलेज में लड़के-लड़कियों के साथ पढ़ने पर पाबंदियां लगाईं। महिलाओं को पार्क, जिम और सार्वजनिक स्नानागार में जाने से भी रोक दिया गया है। लड़कियों के लिए माध्यमिक विद्यालय एक साल से अधिक समय से बंद हैं। इस हफ्ते ही तालिबान ने एनजीओ की महिला कर्मचारियों को भी काम पर आने से रोकने का आदेश दिया। यानी तालिबान हर वो कदम उठा रहा है, जिससे महिलाओं का सार्वजनिक जीवन बाधित हो जाए। जबकि दुनिया के सामने अपनी पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस में तालिबान ने सरकार में महिलाओं को जगह देने की बात कही थी। सत्ता के डेढ़ साल बीतते न बीतते तालिबान के महिलाविरोधी चेहरे का सच पूरी तरह सामने आ गया। इस 20 दिसंबर को तालिबानी ने एक और फरमान जारी किया कि देश में अब लड़कियां उच्च शिक्षा की क्लास में यूनिवर्सिटी, कॉलेज में नहीं जा सकतीं। जाहिर है तालिबान इस्लाम की आड़ में मध्ययुगीन बर्बरता को 21वीं सदी में थोप रहा है। जबकि कोई भी धर्म इंसान को

> **समाज की बची-खुची गुंजाइश भी खत्म हो जाएगी। और यह कड़वा सच एक महीने के भीतर ही दिखने लगा था। महिलाओं पर कई तरह की पाबंदियां लगना शुरू हो गई थीं। तालिबान ने महिलाओं के विदेशी कपड़े पहनने, पुरुषों के साथ दफ्तर में कामकाज करने, कॉलेज में लड़के-लड़कियों के साथ पढ़ने पर पाबंदियां लगाईं। महिलाओं को पार्क, जिम और सार्वजनिक स्नानागार में जाने से भी रोक दिया गया है। लड़कियों के लिए माध्यमिक विद्यालय एक साल से अधिक समय से बंद हैं। इस हफ्ते ही तालिबान ने एनजीओ की महिला कर्मचारियों को भी काम पर आने से रोकने का आदेश दिया। यानी तालिबान हर वो कदम उठा रहा है**

उसकी गरिमा से वंचित करने की पैरवी नहीं करता। गनीमत ये है कि तालिबान की इस कट्टरता के खिलाफ खड़े होने का साहस अब अफगानिस्तान की लड़कियां ही कर रही हैं और ये देखकर सुकून मिल रहा है कि वहां के बहुत से पुरुष लड़कियों की इंसाफकी लड़ाई में उनका साथ दे रहे हैं। तालिबान के अन्यायपूर्ण फैसले



की मुखालफत में अगले ही दिन अफगानी लड़कियों ने विरोध करना शुरु कर दिया। कालेज और यूनिवर्सिटी में पढ़ने के अधिकार की बात करते हुए अफगानी लड़कियां सड़कों पर उतरीं, तो 22 दिसंबर को अफगानी छात्रों ने उनके साथ एकजुटता दिखाने के लिए परीक्षाओं का बहिष्कार कर दिया। इसी तरह एक प्रोफेसर ने टीवी पर चर्चा के दौरान ये कहते हुए अपने डिप्लोमा फाड़ दिए कि- आज से मुझे इन डिप्लोमा की जरूरत नहीं है क्योंकि इस देश में शिक्षा के लिए कोई जगह नहीं है। अगर मेरी बहन और मेरी मां पढ़ नहीं सकती हैं, तो मैं इस शिक्षा को स्वीकार नहीं करता। जिस तरह का साहस ईरान की महिलाएं हिजाब थोपने के विरोध में दिखा रही हैं, कुछ वही जज्बा अफगानिस्तान में देखने मिल रहा है। एक 18-19 बरस की लड़की मारवा का वीडियो पिछले दिनों सोशल मीडिया पर देखा गया, जिसमें वह अकेली ही पढ़ाई के अपने हक को लेकर तालिबानी सैनिकों के सामने डटकर खड़ी है। पिछले रविवार जब पूरी दुनिया क्रिसमस की खुशियां मना रही थीं, तब काबुल यूनिवर्सिटी के पास मारवा एक पोस्टर लेकर खड़ी हो गई, जिस पर लिखा था- इकरा यानी पढ़ो। मारवा की बहन ने इस दौरान उसका वीडियो बनाया, जिसे अब पूरी दुनिया देख रही है। मारवा को यूनिवर्सिटी में तैनात गार्डो ने ताने दिए, बहुत बुरी तरह झिड़का लेकिन मारवा शांतिपूर्वक खड़ी रही और उन्हें कोई जवाब नहीं दिया। मारवा ने कहा कि मैं एक अकेली अफगान लड़की की ताकत उन्हें दिखाना चाहती थी। यह बताना चाह रही थी कि एक अकेला शख्स भी उत्पीड़न के खिलाफ खड़ा हो सकता है। जब मेरी अन्य बहनें देखेंगी कि एक अकेली लड़की तालिबान के खिलाफ खड़ी हो गई है, तो इससे उन्हें तालिबान को हराने में और मदद मिलेगी। इससे पहले 24 दिसंबर को भी कुछ छात्राओं ने तालिबान के फैसले का विरोध करते हुए प्रदर्शन किया था लेकिन पुलिस ने उन पर पानी की बौछार कर उन्हें तितर-बितर कर दिया। तालिबान के पास सैन्य और सत्ता दोनों तरह की शक्तियां हैं, लेकिन जो लड़कियों के आगे बढ़ने और पढ़ने से खौफजदा हो, वह भीतर से कितना कमजोर होगा, ये समझना कठिन नहीं है। कमजोरी और डर का यह सिद्धांत केवल तालिबान ही नहीं हर तरह के कट्टरपंथियों पर लागू होता है। धर्म के नाम पर उन्माद और कट्टरता फैला कर हुकूमत की चाह रखने वाले दरअसल हर तरह की प्रगतिशीलता से घबराते हैं। वे डरते हैं कि समाज के जिन तबकों को सदियों तक हाशिए पर रखा गया, उन्हें उनके अधिकारों से वंचित किया गया, अगर वो तबका शिक्षा की शक्ति हासिल करेगा, तो फिर अपने लिए बराबरी और सम्मान की मांग करेगा और तब डर की नींव पर खड़ी सत्ता कमजोर पड़ जाएगी। अफगानिस्तान में लड़कियों का यह विरोध किस मुकाम पर पहुंचता है और लड़कियों के अधिकारों, शिक्षा के अधिकारों को लेकर

# आलेख — बच्चे देश के भविष्य होते हैं —

बच्चे देश के भविष्य होते हैं, यदि देश का भविष्य ही कुपोषित रहेगा, कमजोर रहेगा तो सशक्त राष्ट्र की कल्पना करना बेमानी होगा। देश में कुपोषण से बच्चे यानी आने वाले कल के जिम्मेदार नागरिकों की हालत बहुत ज्यादा चिंताजनक हैं, सरकारी आंकड़ों के अनुसार देश के 34 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों में 33 लाख बच्चे कुपोषण के शिकार है और इनमें 50: बच्चे गंभीर रूप से कुपोषित होकर बीमारी को झेल रहे हैंस देश में भले ही जोर शोर से बाल दिवस हर साल मनाया जाता है और उसी पर करोड़ों खर्च कर दिया जाता हैं, देश में एक महिला तथा बाल विकास मंत्रालय अलग खोल के रखा गया है, पर बच्चों के कुपोषण पर नियंत्रण नहीं पाया जा सका हैं, ऐसी क्या वजह है की नौनिहालों के पोषण के लिए केंद्र या राज्य सरकार के पास इतने संसाधन होने के बावजूद धन मुहैया नहीं हो पाता हैं, मलेरिया, टीबी और ना जाने अन्य कितनी बीमारियों पर भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने अरबों रुपए खर्च कर दिए हैं, पर जो भारत की मुख्य रीढ़ की हड्डी है यानी कि आने वाले कल के नागरिक वर्तमान के बच्चे यदि कुपोषित हैं तो यह अत्यंत चिंतनीय सोचनीय तथा विचारणीय पहलू है, सरकारी एजेंसियों द्वारा एक आर,टी,आई के जवाब में बताया गया कि 34 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों संकलित आंकड़ों के मुताबिक 34 लाख बच्चे कुपोषित पाए गए हैंस इनमें सबसे ज्यादा महाराष्ट्र बिहार गुजरात और मध्यप्रदेश है, विगत दिनों करोना संक्रमण के कारण भी बच्चे कुपोषित हुए हैं और आने वाले कल के दिन में भी और बच्चों के कुपोषण कथा मृत्यु की आशंका बढ़ गई हैं, सरकारी आंकड़ों के

> देश में कुपोषण से बच्चे यानी आने वाले कल के जिम्मेदार नागरिकों की हालत बहुत ज्यादा चिंताजनक हैं, सरकारी आंकड़ों के अनुसार देश के 34 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों में 33 लाख बच्चे कुपोषण के शिकार है और इनमें 50: बच्चे गंभीर रूप से कुपोषित होकर बीमारी को झेल रहे हैंस देश में भले ही जोर शोर से बाल दिवस हर साल मनाया जाता है और उसी पर करोड़ों खर्च कर दिया जाता हैं, देश में एक महिला तथा बाल विकास मंत्रालय अलग खोल के रखा गया है

हिसाब से 18 लाख बच्चे बहुत ज्यादा कुपोषित है एवं शेष 16लाख बच्चे अल्प कुपोषित हैंस जब अरबों रुपए अन्य बीमारियों के संक्रमण में लगाए जा सकते हैं, तो एक अभियान के तहत बच्चों के कुपोषण को दूर करने के लिए भी मैराथन प्रयास किए जाने चाहिए ।जिससे बच्चे तो कम से कम कुपोषित ना हो वैसे भारत कुपोषण के मामले में वैश्विक स्तर पर बांग्लादेश तथा पाकिस्तान से भी पीछे है उसका नंबर 101वां है, ऐसे हालात में महिला तथा बाल विकास को महिलाओं तथा बच्चों के लिए ही एक विशेष अभियान चलाकर उन्हें कुपोषित होने से बचाना होगास पोषण ट्रैकर के हवाले से बताया गया कि सिर्फ महाराष्ट्र में ही कुपोषित बच्चों की संख्या छह लाख दर्ज की गई है जिनमें 1,57 लाख बच्चे अल्प कुपोषित तथा 4,58 लाख बच्चे गंभीर रूप से कुपोषित हैं। दूसरे नंबर पर बिहार प्रदेश आता है जहां 5लाख कुपोषित बच्चे और तीसरे नंबर पर गुजरात प्रदेश होता है जहां 3.30 लाख बच्चे कुपोषित हैंस महाराष्ट्र बिहार गुजरात और मध्य प्रदेश बहुत सक्षम और देश के बड़े राज्य हैं, यहां पर स्वास्थ्य विभाग पर अरबों रुपए खर्च किए जाते हैं, फिर ऐसी क्या वजह है कि बच्चों के कुपोषण की दर इतनी ज्यादा तथा चिंताजनक हो गई हैं, कुपोषित बच्चे भी बड़े होते हैं तो वह कई बीमारियों को लेकर धीरे-धीरे बढ़ते हैं और इससे उनकी लंबाई तथा स्वास्थ्य पर बहुत ज्यादा असर पड़ता है देश के 34: कुपोषित बच्चों का कद औसत कद से बहुत कम हो जाता हैं, 21: बच्चे जो कुपोषण के कारण यदि वह बच भी जाते हैं तो उनका वजन अत्यंत कम हो जाता है। ऐसे कम लंबाई तथा कम वजन के बेचारे बच्चे देश का क्या

## दैनिक राशिफल

**मेषः-** महत्वपूर्ण कार्य के प्रति समुचित साधन व्यवस्था के लिए मन केंद्रित होगा। नई महत्वाकांक्षी योजनाएं बनेंगी किंतु समुचित साधन न होने से पूर्ति में अवरोध होगा। पुराने संबंध के प्रति प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**बृषभः-** अत्याधिक कर्जभार से मन परेशान होगा। कुछ नयी आकांक्षाएं मन को उद्वेलित करेंगी। रोजगार में व्यस्तता संभव। अत्याधिक पारिवारिक जिम्मेदारियां मन को बोझिल करेंगी।

**मिथुनः-** महत्वपूर्ण दायित्वों की समयानुकूल पूर्ति हेतु मन चिंतित होगा। नई दायित्व अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगे। कानूनी मामलों में कठिनाइयां संभव। तामसिक विचारें पर नियंतणरखें।

**कर्कः-** नये संबंधों के साथ आपकी सहज घुलसशीलता प्रशंसनीय है। कायरें को समयानुकूल पूर्ण करने का प्रयत्न करें। बिना वजह दूसरों की अलोचना न करें। आलस्य कतई न करें।

**सिंहः-** सगे-संबंधियों के सहयोग से उत्साह का संचार होगा। किसी रचनात्मक कार्य के प्रति रुचि पैदा होगी। पुराने संबंधों के भावनात्मक स्मरण से मन भावुक होगा। राजकीय क्षेत्र कुछ परिवर्तन के आसार बनेंगे।

**कन्याः-** उच्चस्तरीय लोगों के सानिध्य से मनोबल मजबूत होगा। किसी महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति होने के आसार बनेंगे। शासन-सत्ता से जुड़े लोगों को सफलता मिलेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी।

**तुलाः-** समय व स्थिति के साथ अपने स्वभाव में थोड़ा लचीलापन लाने का प्रयास करें। क्षमता से अधिक कार्यो का बोझ से बोझिल होंगे। शिक्षा-प्रतियोगिता के क्षेत्र मे सफलताएं मिलेंगी।

**वृश्चिकः-** कार्य-पेशे में कुछ नई तब्दीली रुचिकर लगेगी। वर्तमान स्थिति को देखते हुए भविष्य की चिंता बढ़ेगी फिर भी कुछ नये आसार आत्मबल में वृद्धि करेंगे। घर में खुशहाली रहेगी।

**धनुः-** आलस्य निजी महत्वपूर्ण दावित्वों की पूर्ति में बाधक होगा। मानसिक अवसाद व कार्य-पेशे में अरुचि से आर्थिक संकट की आशंका बनेगी। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्क रहें।

**मकरः-** आर्थिक सबलता हेतु मन नई युक्तियों पर केंद्रित होगा। कोई अचल सम्पत्ति संबंधी तनाव मन को चिंतित करेगा। पुराने संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। जरूरी कायरे में कतई देरी न करें।

**कुंभः-** पारिवारिक दायित्वों की समय से पूर्ति हेतु प्रयत्नशील होंगे। अच्छी सोच का लाभ प्राप्त करेंगे। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन में चिंता होगी। किसी महत्वपूर्ण कार्य के प्रति चिंताएं समाप्त होंगी।

**मीनः-** अच्छी कल्पनाएं मन पर प्रभावी होंगी परन्तु अपने मन को लक्ष्य से न भटकने दें। व्यावसायिक क्षेत्र में संबंधों का लाभ उठाएंगे। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में प्रयत्न तीव्र होगा।




## आज का सुविचार



# बर्फीली हवाओं ने बदला मौसम का मिजाज, बढ़ी गलन



**परेशानियां**

- हवा की रफ्तार करीब 25 किमी प्रति घंटा रहने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा
- ठंड के कारण चौक-चौराहों पर चहल-पहल कम रही
- मुख्यालय व अस्पतालों पर अलाव की व्यवस्था खंड विकास अधिकारी करेंग

**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर जिले में बुधवार को बर्फीली हवाओं की वजह से गलन बढ़ गई। धूप नहीं निकली और गलन के कारण के लोग ठिठुरते रहे। दिन-रात के तापमान में मात्र 6 डिग्री का अंतर होने और उत्तर पश्चिमी हवा की रफ्तार करीब 25 किमी प्रति घंटा रहने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। ठंड के कारण लोगों की दिनचर्या पर असर पड़ा है। दूसरे दिन तापमान में आंशिक वृद्धि हुई। इस कारण लोगों को ठंड से पर्याप्त राहत नहीं मिली। न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री सेलियस दर्ज किया गया, जबकि एक दिन पहले तापमान 9 डिग्री सेल्सियस हो गया था। अधिकतम तापमान 15.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। धूप नहीं होने के कारण ठंड का असर अधिक रहा। ठंड के कारण चौक-चौराहों पर चहल-पहल कम रही।

राज्य कृषि मौसम केंद्र के प्रभारी अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 24 घंटे बाद तापमान में आंशिक वृद्धि का पूर्वानुमान है, जबकि 48 घंटे बाद ठंड में कुछ और गिरावट हो सकती है। हल्का कोहरा रहेगा, धूप निकलने की संभावना कम है। लोटन प्रतिनिधि के मुताबिक, पहाड़ी क्षेत्र के नजदीक होने के नाते आसपास के इलाकों में इन दिनों ठंड का असर अधिक हो गया है। सुबह कोहरा छाया रहा। ठंड से बचाव के लिए ग्रामीण, जगह-जगह अलाव तापते नजर आए।

भनवापुर प्रतिनिधि के मुताबिक, पिछले चार दिनों से पड़ रही कड़ाके की ठंड में लोग ठिठुर रहे हैं। ब्लॉक मुख्यालय, पीएचसी, भनवापुर, मन्नीजोत चौराहा, सीएचसी सिरसिया, रमवापुर राउत, चिताही आदि सार्वजनिक स्थलों व प्रमुख चौराहों पर अलाव की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। तहसीलदार डुमरियागंज अरुण वर्मा ने कहा कि भनवापुर ब्लॉक मुख्यालय व अस्पतालों पर अलाव की व्यवस्था खंड विकास अधिकारी करेंगे। तहसील क्षेत्र के प्रमुख चौराहों पर अलाव जलाया जा रहा है।

## कोहरे में हादसे रोकने की कोशिश,गाड़ियों पर लगाए जा रहे रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप, लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान

**अलीगढ।** कोहरे के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए अभियान चलाया जाएगा। वाहनों पर रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप लगाए जाएंगे। जिससे कि कोहरे के दौरान दूर से ही वाहनों का अंदाजा लग सकेगा। एसडीएम सिटी मीनू राणा और एसपी ट्रैफिक मुकेश कुमार ने निर्देश दिए कि जिन वाहनों में रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप लगाने की जगह नहीं होगी, उनमें फ्लोरोसेन्ट पेंट लगाया जाए। अधिकारियों ने बताया कि शीत ऋतु में परिवहन के लिए बड़ी संख्या में ट्रैक्टर-ट्रालियां और बुग्गियां संचालित हो रही हैं। इन ट्रैक्टर-ट्रालियों व बुग्गियों में रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप के न होने के कारण कोहरे में दुर्घटनाएं हो रही हैं। मडियों में भी आने वाले ट्रैक्टर-ट्रालियों में रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप नहीं लगे हैं। इसलिए ट्रैक्टर-ट्रालियों व बुग्गियों में रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप लगवाये जायें। इसके साथ ही अगर कोई अप्रिय घटना होती है तो दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को गोल्डेन ऑवर में इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। ब्लाक स्तर पर भी एम्बुलेंस की सुविधा 24 घंटे तैयार रखी जाए। सभी वाहन पेट्रोल पंप पर पेट्रोल और डीजल लेने के लिए जाते हैं। इसलिए अधिकारियों ने पेट्रोल पंप एसोसिएशन को भी निर्देश दिए हैं कि वह अपने स्तर से यह सुनिश्चित करें कि जो भी वाहन उनके यहां आ रहे हैं, उसमें रेट्रो-रिफ्लेक्टिव लगे हैं कि नहीं। अगर वाहनों में रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप नहीं लगे हैं तो सभी पेट्रोल पम्प अपने स्तर से वाहनों में रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप लगवाएं। इसके साथ ही पंप पर कोहरे में वाहन चलाने में बरती जाने वाली सावधानियों के सम्बन्ध में बैनर-पोस्टर लगवाकर लोगों को जागरूक करें।

## बेरोजगारी के लिए प्रबंधन की नीतियों को कोसा

**वाराणसी।** कोहरौल गांव के जूनियर हाईस्कूल परिसर में बुधवार विस्थापित युवा कल्याण समिति के तत्वावधान में रोजगार को लेकर गैर राजनीति युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान बेरोजगारी के लिए कोल प्रबंधन की नीतियों को कोसते हुए वक्ताओं ने रोजगार निर्धारण के लिए सही नीति का समर्थन किया और कहा मनमानी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति महाप्रबंधक राजन कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि एनसीएल प्रबंधन के तानाशाही रवैया के कारण वर्तमान परिवेश में युवाओं को रोजी रोटी के लिए दर दर की ठोकरें खाना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के सभी युवा एक मंच से रोजगार, शिक्षा, चिकित्सा, पेयजल, बिजली, सहित अन्य अपने अधिकारों हक के लिए लड़ाई लड़ेंगे। जमशीला पूर्व प्रधान रविन्द्र निर्मल उर्फ पंचू ने कहा एनसीएल प्रबंधन द्वारा विस्थापितों को सुविधाओं से वंचित करने का कार्य किया जा रहा है। ओबी कंपनियों में स्थानीय विस्थापितों व परियोजना प्रभावित 80 फीसदी रोजगार दिया जाना चाहिए लेकिन इसका अनुपालन नहीं किया जा रहा है।

वक्ताओं का कहना था दूर दराज व गैर प्रांत के लोगों को रोजगार दिया जा रहा है इसके चलते कोल प्रबंधन व स्थानीय लोगों के बीच की खाई बढ़ती जा रही है।

## सरकार का ओबीसी विरोधी चेहरा बेनकाब: रालोद

**अभियान**

- साजिश सफल हो जाती तो अगला निशाना होते एससी एसटी



संवाददाता

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के सदस्यता अभियान के प्रदेश प्रभारी सुरेन्द्रनाथ त्रिवेदी ने कहा कि प्रदेश सरकार का अन्य पिछड़ा वर्ग विरोधी चेहरा उच्च न्यायालय के आदेश के फलस्वरूप बेनकाब हो गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछड़ी जातियों के साथ यह साजिश इसलिए रची थी कि प्रदेश की अनेको क्षेत्रीय पार्टियां पिछड़ी जातियों के आधार पर ही गठित हुयी हैं और राजनैतिक क्षेत्रों में उन पार्टियों का दखल भी है यही कारण है कि भाजपा अपने शासन में पिछड़ी जातियों के साथ साजिश करके उन्हें शहरों और टाउन एरिया जैसी सरकारों से वंचित रखना चाहती थी। उच्च न्यायालय और लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ के फलस्वरूप ही पिछड़ों को न्याय मिला है। भारतीय जनता पार्टी ने अपने खिसकते जनाधार से सवर्ण मतदाताओं को लुभाने के लिए पिछड़ी जातियों के साथ साजिश का कुचक्र तैयार किया था और साजिश सफल हो जाती तो अगला कदम अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के आरक्षण पर रोक लगाने की तैयारी थी। हमारे देश में जिस प्रकार विभिन्न धर्मो के साथ साथ विभिन्न मौसमों एवं विभिन्न भाषाओं और रीति रिवाजों के साथ वेशभूषाओं को मिलाकर हिन्दुस्तान नामक गुलदस्ता बनता है। उसी प्रकार विभिन्न जातियों द्वारा समाज नाम का गुलदस्ता तैयार होता है। प्रदेश सरकार ने इसी गुलदस्तें को बिगाडनें का नापाक इरादा किया था। सदस्यता अभियान के प्रदेश प्रभारी सुरेन्द्रनाथ त्रिवेदी ने कहा कि निकाय चुनाव के साथ साथ वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को इस साजिश का खामियाजा भुगतना पडेगा और पिछडी जातियां एक साथ मिलकर विपक्ष में मतदान करेगी जिसके फलस्वरूप भाजपा को सत्ता से बाहर जाना होगा और लोकतंत्र की रक्षा में इन जातियों का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। चौधरी चरण सिंह के सपनों का भारत बनाने में देश की जनता का यह एतिहासिक निर्णय होगा।

# पुलिस मुठभेड़ में दो और बदमाश गिरफ्तार

### सुनार की दुकान से चोरी की गई तिजोरी भी बरामद



**हमीरपुर।** हमीरपुर जिले में चौकीदारों को बंधक बनाकर डकैती को अंजाम देने वाले दो और बदमाश पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार हुए हैं। पैर में गोली लगने पर दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 48 घंटे के अंदर यह पुलिस की दूसरी बड़ी कार्रवाई है। फरार चल रहे दौलत राम निवासी नगला गडरिया थाना फतेहाबाद जनपद फिरोजाबाद, गोरेलाल पुत्र लालता निवासी लल्ली का डेरा थाना कुरारा की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किया जा रहा था। गुरुवार सुबह पुलिस को सूचना मिली की कुछ संदिग्ध व्यक्ति पतारा मोड़ थाना कुरारा में हैं। सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार, क्षेत्राधिकारी सदर राजेश कमल, कोतवाल दुर्ग विजय सिंह, एसओजी प्रभारी विनोद राय, कुरारा थाना कुरारा प्रभारी मौके पर गए तो एक मोटरसाइकिल पर 2 लोग मिले। पुलिस ने उनको रोकने का प्रयास किया गया तो पुलिस टीम पर तमंचे से फायरिंग की। जिसमें गोली अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के बुलेट प्रूफ जैकेट में लगी। पुलिस टीम की जवाबी कार्यवाही में दोनों अभियुक्त पैर में गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों बदमाशों को जिला अस्पताल में एडमिट करवाया है। एएसपी अनूप कुमार ने बताया कि 02 तमंचा व कारतूस, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद हुई है। साथ ही सुनार की दुकान से चोरी की गई तिजोरी को भी बरामद किया गया है।

## किराना गोदाम में अचानक लगी आग, लाखों का सामान एक पल में राख



**सोनभद्र।** राबर्ट्सगंज नगर के पसियान मोहल्ले में स्थित किराना सामानों के गोदाम में गुरुवार की सुबह शॉर्ट-सर्किट से आग लग गई। अगलगी से गोदाम में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर नष्ट हो गया। फायर ब्रिगेड की टीम ने घंटों प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। घनी आबादी के बीच घटना से इलाके में अफरातफरी मची रही। पसियान मोहल्ला निवासी शिवकुमार सिंह नगर के शीतला मंदिर के समीप किराना की दुकान चलाते हैं। पसियान मोहल्ला स्थित आवास के भूतल पर उन्होंने गोदाम बना रखा है। गुरुवार की सुबह शॉर्ट-सर्किट से गोदाम में आग लग गई। तेज धुंआ उठने पर लोगों को अनहोनी का अंदेशा हुआ तो शोरगुल मचाते हुए उस ओर दौड़े। गोदाम का ताला खोला गया तो अंदर आग लगी थी। वहां रखे सामान जल रहे थे। आसपास के लोग आग बुझाने में जुट गए। सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। करीब दो घंटे की मशक्कत से आग पर काबू पाया। बिजली विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर तार अलग मकान में आपूर्ति रोकी। पीड़ित दुकानदार के मुताबिक गोदाम में तेल, घी, चीनी सहित किराना के अन्य सामान मौजूद थे। चार लाख से अधिक की क्षति हुई है। कस्बा चौकी इंचार्ज संजय सिंह ने बताया कि शार्ट सर्किट से आग लगने की बात सामने आई है। घटना की छानबीन की जा रही है।

## बाजार में खड़ी बाइक को चुरा ले गए शातिर

**बड़सर (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र बड़सर के मैहरे बाजार में मंगलवार देर रात सड़क किनारे खड़ी एक बाइक चोरी हो गई। प्रदीप कुमार, निवासी गारली ने बड़सर थाना में शिकायत दर्ज करवाई है कि कोई अज्ञात व्यक्ति उनकी बाइक चुरा कर ले गया है। वह मैहरे बाजार में रेस्तरां चलाते हैं और वहीं पर उनकी बाइक खड़ी थी। वह अंदर काम कर रहे थे और बाहर से चोर उनकी बाइक ले गए। उपमंडल बड़सर में पिछले छह माह से कई चोरी के मामले सामने आ रहे हैं। किसी के दफ्तर, घर, दुकान में चोरी होना उपमंडल में आम घटना हो गई हैं। शरारती तत्व रात के समय बाइक, स्कूटी, सड़क पर खड़ी रेहड़ियों को भी तोड़ रहे हैं। मैहरे में काम करने वाली महिला के दफ्तर से अभी हाल ही में चोरी का मामला सामने आया। जिसकी बाद में सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से आरोपी की पहचान कर ली गई। लेकिन इसके बाद भी उपमंडल बड़सर में चोरी के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। जिस कारण लोगों में काफी भय बना हुआ है। लोग दिन में घरों से निकलने में परहेज कर रहे हैं ताकि घर में किसी भी तरह की चोरी न हो सके। वहीं इस बारे में डीएसपी बड़सर शेर सिंह ने कहा कि जो भी शिकायत उन्हें मिली है उसे हल किया गया। अक्सर चोर छोटी मोटी चोरियां करते हैं और बचकर निकल जाते हैं।

## छह दिनों तक बिलिंग का कार्य रहेगा ठप

**वाराणसी।** पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड डिस्कॉम के शहरी क्षेत्र की ऑनलाइन बिलिंग प्रणाली का तकनीकी उच्चीकरण 30 दिसंबर से किया जाना है। इस नाते आगामी 6 दिनों तक शहरी क्षेत्रों की बिलिंग प्रणाली का कार्य ठप रहेगा। यह जानकारी पिपरी स्थित विद्युत वितरण खंड कार्यालय के अधिशासी अभियंता सुजीत कुमार गुप्ता ने दी है। उन्होंने बताया कि 29 दिसंबर की शाम 6 से 4 जनवरी 2023 के प्रातः 9 बजे तक शहरी क्षेत्रों की बिलिंग प्रणाली बंद रहेगी। उक्त अवधि के दौरान शहरी क्षेत्र में बिल बनाने, विभागीय काउंटर पर बिल जमा करने, बिल संशोधन, नाम परिवर्तन, विधा परिवर्तन, भार वृद्धि, ऑनलाइन बिलिंग जमा करने के समस्त कार्य प्रभावित रहेंगे।

## पिता के लीवर ट्रांसप्लांट के लिए बेटी ने अपने लीवर का हिस्सा किया दान

**अनमोल**

- बेटी अपने पिता को मौत के मुंह से खींच लाई
- ट्रांसप्लांट के बाद पिता-पुत्री दोनों स्वस्थ हैं और स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं



**हमीरपुर।** बेटी है अनमोल के नारे को टौणीदेवी की एक बेटी ने सार्थक किया है। यह बेटी अपने पिता को मौत के मुंह से खींच लाई। तहसील टौणीदेवी के गांव कोहली में अपने पिता की जान बचाने के लिए एक बेटी ने अपने लिवर का एक हिस्सा दान कर दिया। लिवर रोग से जूझ रहे पिता पूर्व सैनिक मोहिंद्र कुमार शर्मा की जिंदगी बचाने के लिए बेटी प्रिया ने अपने लिवर का एक हिस्सा दान किया है। ट्रांसप्लांट के बाद पिता-पुत्री दोनों स्वस्थ हैं और स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं।

पूर्व सैनिक मोहिंद्र कुमार शर्मा टौणीदेवी तहसील के कोहली गांव के निवासी हैं। वह करीब दो साल से बीमार चल रहे हैं। जांच के बाद पता चला कि उनका लिवर खराब है। चिकित्सकों ने उन्हें लिवर ट्रांसप्लांट कराने की सलाह दी। इस बीच उनकी बेटी प्रिया ने अपनी जांच कराई तो उनका लीवर मैच हो गया। प्रिया मोहिंद्र की जुड़वां बेटियों में से एक है और दिल्ली के ही प्रतिष्ठित अस्पताल में स्टाफ नर्स के रूप में कार्यरत है। जांच के बाद प्रिया ने पिता की जान बचाने के लिए अपने लिवर का हिस्सा दान करने का निर्णय लिया। लिवर ट्रांसप्लांट की औपचारिकताएं पूरी की गईं। इसके बाद दिल्ली के एक अस्पताल में मोहिंद्र का सफल ऑपरेशन हुआ।

### गौतमबुद्ध नगर और आगरा में फिर मिले पॉजिटिव केस

# यूपी में 24 घंटे में कोरोना के 5 नए मरीज

**संक्रमण**

- फिलहाल प्रदेश में कुल एक्टिव केस 47 हैं
- प्रदेश भर में 48 हजार 116 जांच की गई
- आरटीपीसीआर जांच मेडिकल कॉलेज और दूसरी जांच जिला अस्पताल में हुई




संवाददाता

**लखनऊ।** यूपी में गुरुवार को पांच नए कोरोना संक्रमित मरीजों की पुष्टि हुई। पॉजिटिव आए मरीज गौतमबुद्ध नगर, आगरा, चंदौली, हरदोई और पीलीभीत के हैं। इस दौरान 4 मरीज ठीक भी हुए। फिलहाल प्रदेश में कुल एक्टिव केस 47 हैं। इनमें से 40 मरीज होम आइसोलेशन में हैं। बाकी मरीजों को अस्पतालों में भर्ती हैं। इस महीने में अब तक राज्य में कुल 88 कोविड पॉजिटिव मरीज सामने आए हैं। बुधवार को प्रदेश भर में 48 हजार 116 जांच की गई हैं। पॉजिटिव आए मरीजों में 2 की जांच रिपोर्ट प्राइवेट लैब में चेक हुई। वही आरटीपीसीआर जांच मेडिकल कॉलेज और दूसरी जांच जिला अस्पताल में हुई। इसके अलावा एक रोगी में कोरोना की पुष्टि जिला अस्पताल में ट्रू नॉट टेस्ट के जरिए हुई। यूपी में कोरोना संक्रमण के 47 एक्टिव केस हैं। फिलहाल सबसे ज्यादा मामले मेरठ में हैं। यहां 7 एक्टिव केस हैं। वही, गौतमबुद्ध नगर, लखनऊ, कुशीनगर तीनों ही जगह 5-5 एक्टिव केस हैं। वही अम्बेडकर नगर में 4 मरीज हैं। इसके अलावा अमरोहा और रायबरेली में 3-3 सक्रिय मरीज हैं। लोकबंधु अस्पताल की निदेशक और वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपा त्यागी ने बताया कि बेहद सतर्कता बरतने की जरूरत हैं। विशेष तौर पर गर्भवती महिलाएं को ज्यादा सतर्क रहना होगा। फिलहाल कोरोना संक्रमण नियंत्रण में हैं पर हालात बिगड़े इससे पहले अलर्ट होना जरूरी हैं। जिन मरीजों को पहले से ही गंभीर रोग हैं उन्हें भी ज्यादा एहतियात बरतना होगा। भीड़ भाड़ वाली जगह से बचने के अलावा मास्क के प्रयोग से संक्रमण से बचा जा सकता हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बर्लिंग्टन चौराहे के पास सड़क धंसी, आस-पास के इलाके में लगा जाम

**लखनऊ।** राजधानी के सड़कों के धसने का क्रम जारी है। गुरुवार को बर्लिंग्टन चौराहे से कैसरबाग तक जने वाली सड़क पूरी तरह से धंस गई। इसकी वजह से आवागमन भी प्रभावित रहा। दोपहर 12 बजे के करीब सड़क थोड़ी सी धंसी। इसकी जानकारी नगर निगम के अधिकारियों को दी गई। लेकिन उसके बाद भी कोई मौके पर नहीं आया। उसके बाद सड़क धसने का क्रम लगातार जारी रहा। इस दौरान यहां से लोगों का आना-जाना बंद रहा। स्थानीय निवासी मयूर ने बताया कि रास्ता बंद होने की वजह से आस-पास के इलाकों में जाम की नौबत आ गई है। उन्होंने बताया कि करीब 10 फीट चौड़ा और 4 फीट गहरा गोल गड्ढा हुआ पड़ा है। यह लखनऊ की सबसे ज्यादा चलने वाली सड़क है। प्रतिदिन करीब पांच लाख से ज्यादा की आबादी यहां से सफर करते हैं।बताया जा रहा है कि यहां नीचे सीवर लाइन में कहीं लीकेज है, जिसकी वजह से सड़क धंसी है। इससे पहले विकास नगर में पावर हाउस की ओर जाने वाली सड़क शंकर जी मंदिर के धंस गई थी। सुबह करीब नौ बजे अचानक 25 फीट नीचे धंसी सड़क की वजह से यहां भी आवागमन प्रभावित हुआ था। हालांकि सुबह का समय और बारिश होने की वजह से सड़क पर आवागमन कम था, जिस वजह से किसी के जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है। करीब दो दिन बाद इसको ठीक कराया गया था।

### ओम प्रकाश राजभर ने अखिलेश पर जोरदार जुबानी हमला बोला, कहा कि अखिलेश यादव अपने गिरेबान में झांके

**लखनऊ।** यूपी सरकार में पूर्व मंत्री एवं सुभासपा के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने अखिलेश पर जोरदार जुबानी हमला बोला है। राजभर ने सपा प्रमुख पर जबरदस्त पलटवार करते हुए कहा कि अखिलेश यादव जो कह रहे हैं वे पहले अपने गिरेबां में झांके कर देखें। जब उनकी सरकार थी तो चार सितंबर 2013 को हाई कोर्ट ने एक आदेश दिया। आदेश में कहा था कि 27 फीसदी जो पिछड़ों को आरक्षण लागू है उसका लाभ 12 जातियां उठा रही हैं। आदेश में कहा कि जिसका जो हिस्सा है वो उसको दिया जाए। तब सपा की सरकार थी और अखिलेश यादव मुख्यमंत्री थे। ओम प्रकाश राजभर ने आगे कहा कि क्या उसपर अमल किया. 2001 में सामाजिक न्याय समिति की रिपोर्ट राजनाथ सिंह और हुकुमदेव सिंह के नेतृत्व में बनी। उसके बाद 19 साल सपा और बीएसपी ने सरकार चलाई। दोनों ने ही 17 जातियों को बनडमरू बनाया। दोनों केवल प्रस्ताव दिल्ली भेजते थे, जबकि दोनों की सरकार दिल्ली में थी। कभी इन दोनों ने संसद में 17 जातियों को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की बात नहीं कही। ओपी राजभर ने कहा कि जब ये सरकार में थे तो कोई पिछड़ा इनको दिखाई नहीं दे रहा था। अखिलेश यादव की धरातल से जमीन खिसक रही है। अब एक भूत सवार है कि मैंने मैनपुरी और खतौली जीत लिया है।

### सड़क हादसे में कैंटर चालक की मौत

**अलीगढ।** थाना अकराबाद इलाके के गांव लाधोआ के रहने वाले कैंटर चालक की बुधवार रात्रि सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसे के वक्त कैंटर चालक अलीगढ़ की तरफसे कानपुर जा रहा था। तभी रास्ते में बिजली के खंभे से उसकी गाड़ी टकरा गई। अकराबाद पुलिस ने पोस्टमार्टम कार्रवाई के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के मुताबिक, गांव लधोआ निवासी 40 वर्षीय मुनेश कैंटर चलाकर परिवार का भरण पोषण करता था। परिवार में पत्नी और पांच बेटियां हैं। परिजनों ने बताया कि मुनेश बुधवार रात्रि कैंटर में माल लेकर अलीगढ़ से कानपुर की तरफजा रहा था। रास्ते में जिला हाथरस के सिकंदराराऊ क्षेत्र में गाड़ी अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गई।हादसे में मुनेश गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंचे और उसको इलाज के लिए रात्रि में स्वास्थ्य केंद्र अकराबाद लेकर आए। यहां पर डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया।सीओ बरला अभय कुमार पांडे ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

### नशे में बाप-बेटे में विवाद,बेटा बोला-पिता ने रेत दिया गला, मामले की जांच में जुटी पुलिस

**अलीगढ़।** थाना खैर इलाके के एक गांव में बुधवार रात शराब के नशे में बाप-बेटे में विवाद हो गया। बेटे ने बाप पर गला रेतने का आरोप लगाया है । युवक को जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मामले की जांच-पड़ताल में पुलिस जुटी हुई है। घटना से गांव में खलबली मच गई। खैर थाना क्षेत्र के गांव बिनौला निवासी सतवीर सिंह प्राइवेट गाड़ी चला कर परिवार का भरण पोषण करते हैं । उनकी पहली पत्नी की मौत हो चुकी है। उन पर बेटा विनीत और एक बेटी है जबकि दूसरी पत्नी से उनको बेटी है। परिजनों के मुताबिक 2 महीने पहले विनीत दिल्ली से गांव आ गया। शराब पीने के बाद पिता पुत्र में अक्सर विवाद होने लगा। बुधवार रात्रि विनीत अपनी ननिहाल से घर पहुंचा। देर रात्रि पिता पुत्र में फिर से विवाद होने लगा। एक दूसरे को गाली गलौज करना शुरू कर दिया। विनीत का आरोप है पिता अक्सर शराब के नशे में उससे गाली गलौज करते हैं। जब उसने इसका विरोध किया तो पिता ने धारदार हथियार से उसका गला रेत दिया। आनन-फानन में उसको स्वास्थ्य केंद्र खैर लाया गया। जहां से पुलिस से पुलिस उसको मैडिकल परीक्षण और इलाज के लिए जिला अस्पताल मलखान सिंह लेकर पहुंची। उधर विनीत के पिता ने बताया कि बेटे से विवाद हुआ था और गाली गलौज भी हुई । लेकिन उसका गला कैसे कटा यह उनको नहीं पता। बेटे के आरोप निराधार हैं। उन्होंने बताया कि बेटा अक्सर नशे की हालत में अपने हाथ काट लेता है। पहले भी इस तरह की घटनाएं अपने साथ कर चुका है। जब से दिल्ली से आया है। अक्सर नशे में घर में विवाद करता रहता है। जिला अस्पताल की इमरजेंसी इंचार्ज डॉक्टर सचिन वर्मा ने बताया कि विनीत की गर्दन पर काफी लंबा घाव था। उसकी हालत गंभीर देख यहां से मेडिकल कॉलेज रेफर किया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

### जेई की आत्महत्या की गुत्थी उलझी

**अलीगढ।** जिले में आत्महत्या करने वाले बिजली विभाग के जेई की मौत का राज उलझता जा रहा है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है, लेकिन अभी परिजनों की ओर से कोई तहरीर पुलिस को नहीं दी गई है। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया था। पुलिस ने जेई के साथ काम करने वाले और अन्य लोगों से भी पूछताछ की है। ताकि जेई की आत्महत्या करने का कारण स्पष्ट हो सके। बिजली विभाग के जलाली बिजली घर में कार्यरत जूनियर इंजीनियर (जेई) बनवारी लाल ने बुधवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। वह क्वार्सी थाना क्षेत्र के निधिवन कालोनी में किराए का मकान लेकर रहते थे। जहां उन्होंने आत्महत्या कर ली थी। जब मकान मालिक को इसकी जानकारी हुई थी तो उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस दरवाजा तोड़कर अंदर गई, जहां जेई का शव फंदे से लटक रहा था। जिसके बाद पुलिस ने पंचनामा करके शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया था और परिजनों को सूचना दी थी। जलाली में कार्यरत जेई बनवारी लाल मूल रूप से मथुरा के सुरीर थाना के गांव भंडवारा के रहने वाले थे। वह पिछले कई सालो में अलीगढ़ में कार्यरत थे और उनके पास जलाली के साथ गोकुलपुर सोनोंठ सबस्टेशन का भी चार्ज था। वहीं कुछ विभागीय लोगों का यह भी कहना है कि अधिकारियों के दबाव के कारण उन्होंने ऐसा किया। घटना की जानकारी मिलने के बाद जेई का परिवार मथुरा से अलीगढ़ आ गया। जिसके बाद जेई शव को पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया है। शव लेने के बाद परिजन वापस लौट गए थे और गुरुवार को उनका अंतिम संस्कार भी उनके पैतृक गांव मे कर दिया गया है। सीओ शिव प्रताप ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। फोरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य जुटाए हैं। अभी परिवार की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है। अगर कोई तहरीर आएगी तो मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### अलाव की चिंगारी से लगी आग, सामान जला

**गोरखपुर।** नगर पंचायत बिस्कोहर के वार्ड नंबर पांच अटल नगर में ठंड से बचने के लिए मंगलवार रात एक घर में जलाए गए अलाव की चिंगारी से आग लग गई। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। आग से घर में रखा लाखों का सामान जलकर नष्ट हो गया। नगर पंचायत के वार्ड नंबर पांच अटल नगर निवासी सत्यराम गौतम के घर के पीछे टीनसेड में मंगलवार आधी रात ठंड से बचने के लिए जलाए गए अलाव से निकली चिंगारी से टीनशेड के घर में आग लग गई। घटना के वक्त परिवार के लोग आगे वाले कमरे में सोए हुए थे। आग लगी देख परिवार के लोग जग गए। आग बुझाने की कोशिश करने लगे, जबतक आसपास के लोग पहुंचते, तबतक उसमें रखा अनाज, कपड़ा व गृहस्थी का अन्य सामान जल कर राख हो गया। एक घंटा की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पीड़ित सत्यराम गौतम ने बताया कि घटना की जानकारी नगर पंचायत प्रशासन के साथ राजस्व विभाग को दी गई है। इस संबंध में लेखपाल अवधेश कुमार ने बताया कि नुकसान का आकलन कर लिया गया है।

# देश में कोरोना से निजात पाने वालों की संख्या में हुयी वृद्धि

## महामारी से अब तक निजात पाने वालों की कुल संख्या बढ़कर 4,41,43,665 हो गयी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना संक्रमण से 182 लोग मुक्त हुए हैं, जिससे इस महामारी से अब तक निजात पाने वालों की कुल संख्या बढ़कर 4,41,43,665 हो गयी है और देश में स्वस्थ होने की दर 98.80 प्रतिशत है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि सुबह सात बजे तक 220.08 करोड़ से अधिक टीके दिये जा चुके हैं। देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के सक्रिय मामलों में वृद्धि हुई है, जिससे अब इनकी संख्या बढ़कर 3,552 हो गयी है और सक्रिय मामलों की दर 0.1 प्रतिशत है। इसी अवधि में कोरोना महामारी से एक मरीज की मौत होने से मृतकों की संख्या 5,30,698 तक पहुंच गयी है और मृत्युदर 1.19 फीसदी है।

पिछले 24 घंटे में 12 राज्यों और दो केन्द्र शासित प्रदेश में कोरोना के नए मामले सामने आए हैं और अन्य राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों में इनकी संख्या में कमी आयी है। राष्ट्रीय राजधानी में कोरोना संक्रमण के चार सक्रिय मामले बढ़े हैं, जिससे अब सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 35 हो गयी है और इस बीमारी से निजात पाने वालों की संख्या 19,80,632 हो गयी है। इसी अवधि में एक मरीज की मौत होने से राज्य में मृतकों की संख्या बढ़कर 26,521 हो गयी है।

केरल में 31 सक्रिय मामले बढ़ने पर, यहां सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 1,389 हो गयी है। कोरोना महामारी से उबरने वालों की संख्या बढ़कर 67,55,304 हो गई है और मृतकों की संख्या 71,552 स्थिर है। कर्नाटक में कोरोना संक्रमण के 27 सक्रिय मामले बढ़ने से इनकी कुल संख्या बढ़कर 1,275 हो गयी है। इससे निजात पाने वालों की कुल संख्या बढ़कर 40,30,311 तक पहुंच गयी है और मृतकों का आंकड़ा 40,307 पर बरकरार है।

महाराष्ट्र में एक सक्रिय मामले घटने से इनकी कुल संख्या घटकर 164 रह गयी है। इस दौरान 36 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इससे निजात पाने वालों की कुल संख्या बढ़कर 79,88,008 तक पहुंच गयी है। राज्य में दो मरीजों की मृत्यु होने से, मृतकों की संख्या 1,48,416 तक पहुंच गयी है। गोवा में कोरोना संक्रमण के सात सक्रिय मामले बढ़े हैं, जिससे अब सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 26 हो गयी है। इस बीमारी से निजात पाने वालों की संख्या 2,55,040 हो गयी है। राज्य में मृतकों की संख्या 4,013 है।

### संक्रमण

- » गोवा में कोरोना संक्रमण के सात सक्रिय मामले बढ़े
- » कर्नाटक में कोरोना संक्रमण के 27 सक्रिय मामले बढ़ने से इनकी कुल संख्या बढ़कर 1,275 हो गयी



### उरुग्वे में विशेषज्ञों ने नए ओमिक्रॉन सबवैरिएंट्स की मौजूदगी का लगाया पता

**मोंटेवीडियो।** उरुग्वे के जन स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया है कि विशेषज्ञों ने देश में कोविड-19 के बढ़ते नए मामलों के बीच दो और नए ओमिक्रॉन सबवैरिएंट की मौजूदगी का पता लगाया है। मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में बताया कि सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशाला विभाग के महामारी विज्ञान विभाग ने हाल ही में दो नए ओमिक्रॉन सबवेरिएंट का पता लगाया है। उन्होंने बताया कि कोरोना संक्रमण के मामले अभी भी विश्व भर में सक्रिय है और समय के साथ वायरस बदलते हैं, जिसमें सार्स-कोविड-2 वायरस के बाद कोविड -19 वायरस आया है और अब और नए वायरस पनप रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसको रोकने के लिए नागरिकों को कोविड के सभी टीके दिए जाने पर जोर दिया जा रहा है। सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्री डैनियल सेलिनास ने भी कल सोशल मीडिया पर बताया कि उरुग्वे में 18 से 24 दिसंबर के सप्ताह के दौरान 8,216 नए कोविड-19 मामले दर्ज किए गए, जो पिछले सप्ताह की तुलना में 66 प्रतिशत अधिक है।

### ट्यूनीशिया में जनवरी में आ सकती कोविड लहर: स्वास्थ्य अधिकारी

**ट्यूनिस।** उत्तर अफ्रीकी देश ट्यूनीशिया के एक स्वास्थ्य अधिकारी ने देश में जनवरी की शुरूआत में कोविड-19 संक्रमण की एक नयी लहर आने की चेतावनी दी है। ट्यूनिस अफ्रीक प्रेस (टीएपी) ने बुधवार को दी रिपोर्ट में नेशनल सेंटर ऑफ फार्माकोविजिलेंस के महानिदेशक रियाद डगफौस ने कहा, फ्रजनवरी 2023 में संक्रमण में वृद्धि की आशंका को देखते हुए ट्यूनीशियाई लोगों को अपनी प्रतिरक्षा शक्ति को मजबूत करना और कोविड के प्रसार को रोकना चाहिए। कोविड-19 वैज्ञानिक टीकाकरण निगरानी समिति के अध्यक्ष डगफौस ने टीकाकरण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, फ्रओमीक्रॉन बीए4 और बीए5 संस्करण के खिलाफ एक टीकाकरण अभियान जोकि इस समय ट्यूनीशिया में प्रभावी है।

## पाकिस्तान में हिंदू महिला की हत्या, तन से जुदा किया सिर

नई दिल्ली। पाकिस्तान के सिंझोरो शहर में बुधवार को एक हिंदू महिला की जघन्य तरीके से हत्या कर दी गई। हत्या इतनी बर्बर तरह से की गई कि अज्ञात हत्यारे ने महिला का सिर तन से जुदा कर दिया, उसके खाल को छील दिया और ब्रेस्ट भी काट दिए। दिल को दहला देने वाली यह घटना सिंध के सिंझोरो की है। महिला की पहचान हिंदू अल्पसंख्यक समुदाय की दया भील के रूप में हुई है, जो सिंध के सिंझोरो की रहने वाली हैं। सिंझोरो शहर में बुधवार को एक 40 साल की हिंदू महिला की कथित तौर पर हत्या कर दी गई। हिंदू समुदाय से पाकिस्तान की पहली महिला सीनेटर कृष्णा कुमारी ने ट्वीट कर कहा, ÷40 वर्षीय महिला का सिर काट दिया गया और उसके स्तन काट दिए गए।÷ पाकिस्तान पीपल्स पार्टी के नेता ने कहा कि पीड़िता के शरीर और चेहरे से चमड़ी उतारी गई थी। महिला के चार बच्चे हैं। कृष्णा कुमारी ने एक दूसरे ट्वीट में कहा, ÷दया भील नाम की एक 40 वर्षीय विधवा की बेरहमी से हत्या कर दी गई और शव बहुत



बुरी हालत में मिला। उसका सिर धड़ से अलग कर दिया गया था और दरिंदों ने पूरे सिर का मांस निकाल दिया था। आज उसके गांव का दौरा किया। वहां पुलिस टीमें भी पहुंचीं हैं।÷ वहीं, पीपीपी के जियाला अमर लाल भील ने दावा किया कि बुधवार को खेत में क्षत-विक्षत शव मिला था और पुलिस ने महिला के परिवार से अन्य जानकारी जुटाई थी। पीपीपी नेता के अनुसार, पोस्टमार्टम किया गया है और आगे की जांच चल रही है। खबरों के बाद हरकत में आई पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची और महिला के शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। सिंझोरो और शाहपुरचक्कर पुलिस ने फिलहाल मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस मृत महिला के घर भी पूछताछ के लिए पहुंची।

## सरकार की नीति परिवर्तित करने से देश में आतंकवादी हमले में वृद्धि : चौधरी

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेता फवाद चौधरी ने कहा है कि अफगानिस्तान को लेकर मौजूदा सरकार की परिवर्तित नीति के कारण देश में आतंवादी हमलों में वृद्धि हुई है। 'डान' समाचार पत्र की आज जारी रिपोर्ट के अनुसार श्री चौधरी ने बुधवार को इस्लामाबाद में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो-जरदारी अफगानिस्तान की स्थिति को नहीं समझते हैं। अगर काबुल में स्थिति बिगड़ती है तो इसका इस्लामाबाद पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने दावा किया कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान अफगानिस्तान में 'एकमात्र सम्मानित पाकिस्तानी नेता' हैं क्योंकि उनके हाथ अफगानियों के खून से रंगे नहीं है।

उन्होंने कहा कि बम और मिसाइल से कोई समाधान नहीं हो सकता है। बातचीत के जरिए मसले को सुलझाया जाना चाहिए। उन्होंने पूर्व फाटा क्षेत्र की स्थिति पर भी प्रकाश डाला और कहा कि खैबर पख्तूनख्वा के साथ इसके विलय के बाद से सरकार ने आदिवासी जिलों के विकास पर कोई पैसे खर्च नहीं किए हैं।

उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान की स्थिति और पूर्ववर्ती फाटा क्षेत्र के विलय पर मंत्रिमंडल को कभी जानकारी नहीं मिली। उन्होंने कहा कि आंतरिक मंत्री स्थानीय लोगों की समस्याओं से खुद को अवगत कराने के लिए वाना भी नहीं गए।

### इंसाफ

- » सरकार की परिवर्तित नीति के कारण देश में आतंवादी हमलों में वृद्धि हुई
- » विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो-जरदारी अफगानिस्तान की स्थिति को नहीं समझते



### गुटेरेस ने दशती को काला सागर अनाज पहल के लिए संरा का समन्वयक नियुक्त किया

**संयुक्त राष्ट।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कुवैत के अब्दुल्ला अब्दुल समद दशती को संरा की संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता वाले ब्लैक सी ग्रेन इनिशिएटिव का नया समन्वयक नियुक्त किया है। प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, फ्रसंरा महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने आज कुवैत के अब्दुल्ला अब्दुल समद दशती को काला सागर अनाज पहल के लिए संरा के समन्वयक के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि श्री दशती 2021 में कुवैती सशस्त्र बलों से वाइस एडमिरल के पद से सेवानिवृत्त हुए थे और उनके पास कुवैत तथा बहुराष्ट्रीय तैनाती दोनों स्तरों पर नौसेना संचालन, नेतृत्व और प्रबंधन के क्षेत्रों में काम करने का 40 वर्षों का अनुभव है।

## आस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को दूसरा टेस्ट हराया

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया ने बॉक्सिंग डे टेस्ट जीतकर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त ले ली है। 17 साल में ऐसा पहली बार हुआ है, जब ऑस्ट्रेलिया ने अपनी सरज़मीं पर प्रोटियाज टीम को टेस्ट सीरीज में शिकस्त दी है। ऑस्ट्रेलिया ने अगले साल होने वाले आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने की संभावनाएं बढ़ गयी है और मेलबर्न में बॉक्सिंग डे टेस्ट में प्रोटियाज पर जीत हासिल कर दक्षिण अफ्रीका की उम्मीदों में पानी फेर दिया है। आस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन ने 58 रन देकर तीन विकेट लिए। जिससे ऑस्ट्रेलिया ने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के चौथे दिन गुरुवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को पारी और 182 रन से करारी शिकस्त देकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बनाई। ऑस्ट्रेलिया अब चार जनवरी से सिडनी में होने वाले तीसरे और अंतिम



टेस्ट मैच में जीत दर्ज करके श्रृंखला में प्रतिद्वंदी टीम का सुपड़ा साफ करने की कोशिश करेगा।

दक्षिण अफ्रीका पहली पारी में 385 रन से पिछड़ने के बाद वह दूसरी पारी में भी अच्छा खेल नहीं दिखा सकी और पूरी टीम 204 रन में सिमट गई। केवल तेंबा बावुमा आस्ट्रेलियाई गेंदबाजों का जमकर मुकाबला किया और सर्वाधिक 65 रन बनाए। गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 2005-06 के बाद पहली बार घरेलू श्रृंखला जीती है। इस बीच दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया में तीन टेस्ट श्रृंखलाएं जीती थी। दक्षिण अफ्रीका ने एक विकेट पर 15 रन से आगे खेलते हुए सुबह के सत्र में तीन विकेट गंवाए। उंगली में चोट से उबर रहे मिशेल स्टार्क ने सारेल एरवी (21) को तेज यार्कर पर पगबाधा आउट करके ऑस्ट्रेलिया को सुबह पहली सफलता दिलाई, जिससे स्कोर दो विकेट पर 47 रन हो गया। इसके 10 रन बाद तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने थ्यूनिस डी ब्रुइन (28) को दूसरी स्लिप में कैच कराया जबकि खाया जोंडो (एक) के रन आउट होने से दक्षिण अफ्रीका का स्कोर चार विकेट पर 65 रन हो गया। बावुमा और काइल वेरिन (33) ने पांचवें विकेट के लिए 63 रन जोड़े। बोलैंड (49 रन देकर दो) ने लंच के बाद चौथे ओवर में वेरिन को पगबाधा आउट करके यह साझेदारी तोड़ी। पहली पारी में अर्धशतक जड़ने वाले मार्को जेनसन (पांच) को लियोन ने पगबाधा आउट किया। बावुमा ने केशव महाराज को 13 रन पर आउट कर पवेलियन भेज दिया। उन्होंने इसके बाद लियोन पर स्लॉग शॉट खेलकर मिड ऑन पर आसान कैच दिया।

लियोन ने इसके बाद कैगिसो रबाडा (तीन) के रूप में अपना तीसरा विकेट लिया। एनरिक नोर्किया (नाबाद आठ) और लुंगी एनगिडी (19) ने अंतिम विकेट के लिए 27 रन जोड़कर दक्षिण अफ्रीका का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया। आस्ट्रलियाई मध्यम गति के गेंदबाज कैमरन ग्रीन के पांच विकेट की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को पहली पारी में 189 रन पर समेट दिया था।

## भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हो सकते हैं स्टार्क

एजेंसी

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क बाएं हाथ की चोट के कारण भारत के खिलाफ फरवरी में शुरू होने वाली टेस्ट श्रृंखला से बाहर हो सकते हैं। स्टार्क ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की जीत के बाद गुरुवार को कहा, ÷ भारत हमारा अगला बड़ा दौरा है और हमें देखना होगा कि चोट के ठीक होने की समय-सीमा क्या है। यह मेरा गेंदबाजी वाला हाथ है, इसलिये मुझे थोड़ी सावधानी बरतनी होगी और यह सुनिश्चित करना होगा कि चोट पूरी तरह ठीक हो जाए।

गौरतलब है कि दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गये बॉक्सिंग डे टेस्ट के पहले दिन कैच लेने की कोशिश करते हुए स्टार्क के बाएं हाथ की उंगली में चोट लग गयी। स्टार्क ने इसके बाद भी मैच में हिस्सा लिया, हालांकि वह अनिश्चितकाल के लिये टीम से बाहर हो गये हैं।

स्टार्क के साथी कैमरन ग्रीन भी दाएं हाथ की उंगली फ्रैक्चर होने के कारण अनिश्चितकाल के लिये क्रिकेट से दूर हो गये हैं, हालांकि भारत में होने वाली टेस्ट



सीरीज से पहले उनके फिट होने की संभावना है।

स्टार्क ने कहा, विडंबना यह है कि ग्रीन मुझसे पहले टीम में वापस आ जायेंगे। मांसपेशियों की तुलना में हड्डियां ज्यादा जल्दी ठीक होती हैं। मेरा खयाल है कि हम दोनों एक ही डॉक्टर के पास जायेंगे। उन्होंने कहा, ÷ सभी को उम्मीद है कि मैं भारत दौरे के शुरुआती हिस्से से ही बाहर रहूंगा। ज़ाहिर है कि यह मेरी चोट के ठीक होने पर निर्भर करेगा। स्टार्क ने चोट के बावजूद दूसरी पारी में 18 ओवर फेंकते हुए एक विकेट लिया। ग्रीन ने भी पहली पारी में अर्द्धशतक जड़ा, हालांकि टीम के डॉक्टरों ने उन्हें गेंदबाजी करने की सलाह नहीं दी।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने विद्यार्थियों को अचीवर्स अवार्ड से किया सम्मानित

**जयपुर।** बैंक ऑफ बड़ौदा ने शहर के प्रतिष्ठित महात्मा गांधी चिकित्सा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में अध्ययनरत प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को बड़ौदा अचीवर्स अवार्ड दिया। जयपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख मनोज गुप्ता ने बताया कि महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख के के चौधरी के मार्गदर्शन में बैंक द्वारा प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन प्रदान करने के उद्देश्य से बड़ौदा अचीवर्स अवार्ड पुरस्कार के लिए छात्रों को चुना जा रहा है।

महात्मा गांधी चिकित्सा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, जयपुर के परिसर में आयोजित समारोह में जयपुर क्षेत्र के उप क्षेत्रीय प्रमुख रजनीकांत कुम्पावत, विश्वविद्यालय के कुलपति सुधीर सचदेव, रजिस्ट्रार डॉ. एके शर्मा एवं महात्मा गांधी हॉस्पिटल की डीन डॉ. स्वाति गर्ग के कर-कमलों से 3 श्रेणियों में प्रत्येक श्रेणी में 31 हजार रुपए के चेक एवं प्रशस्ति-पत्र से विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

## सेंसेक्स सप्ताह भर बाद 61 हजार अंक के पार

एजेंसी

**मुंबई।** वैश्विक बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर तेल एवं गैस, धातु, बैंकिंग और ऊर्ज समेत 17 समूहों में हुई लिवाली की बदौलत आज सेंसेक्स एक सप्ताह बाद 61 हजार अंक के पार पहुंच गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 223.60 अंक अर्थात 0.37 प्रतिशत की तेजी लेकर एक सप्ताह के उच्चतम स्तर 61 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 61133.88 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 68.50 अंक यानी 18191 अंक पर पहुंच गया।




हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह छोटी कंपनियों में तो लिवाली हुई लेकिन मझौली कंपनियां बिकवाली का शिकार हो गई। इससे स्मॉलकैप 0.22 प्रतिशत की बढ़त लेकर 28,707.42 अंक जबकि मिडकैप 0.09 प्रतिशत टूटकर 25,220.62 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3628 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1872 में लिवाली जबकि 1607 में बिकवाली हुई वहीं 149 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में 33 कंपनियां तेजी जबकि शेष 17 गिरावट पर रहीं। बीएसई में 17 समूहों में लिवाली हुई। इस दौरान कमोडिटीज 0.14, सीडी 0.01, ऊर्ज 1.09, वित्तीय सेवाएं 0.58, हेल्थकेयर 0.16, इंडस्ट्रियल्स 0.05, आईटी 0.33, दूरसंचार 0.55, यूटिलिटीज 0.88, ऑटो 0.22, बैंकिंग 0.93, धातु 1.14, तेल एवं गैस 1.36, पावर 0.73, रियल्टी 0.19, टेक 0.55 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.59 प्रतिशत चढ़ गए।

# देश-विदेश डायरी

### दक्षिण कोरिया आग लगने से छह लोगों की मौत

**सोल।** दक्षिण कोरिया की राजधानी सोल से 20 किलोमीटर दूर ग्योंगिन एक्सप्रेस-वे की ध्वनिरोधी (साउंड प्रूफ) सुरंग में आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई है। मीडिया रिपोर्ट से गुरुवार को यह जानकारी मिली। योनहैप' समाचार एजेंसी के अनुसार सुरंग में बस और ट्रक की भिडंत होने से आग लगी गयी। आग स्थानीय समयानुसार आज दोपहर 1ऱ49 बजे लगी। देखते ही देखते सुरंग में आग की लपटें फैल गयीं। जिसमें छह लोगों की मौत हो गयी और जहरीली गैस से करीब 20 और लोगों को सांस की परेशानी होने लगी, जिनका उपचार किया जा रहा है। सुरंग में आग लगने की सूचना मिलने के बाद अग्निशामक अधिकारियों ने आग बुझाने के लिए 50 दमकलों और उपकरणों के साथ करीब 140 अग्निशमन कर्मियों को मौके पर भेजा।

पुलिस और अग्निशमन अधिकारी दुर्घटना और आग लगने के कारणों को पता लगाने में जुटे हुए हैं।

### अमेरिका, कोविड के 10 करोड़ मामले वाला पहला देश बना

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका 10 करोड़ से अधिक कोविड-19 के मामलों वाला विश्व का पहला देश बन गया है और महामारी शुरू होने के बाद से इसकी चपेट में आने से अबतक करीब 10 लाख 80 हजार लोग जान गंवा चुके हैं।

अमेरिका के रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार अमेरिका में आधिकारिक तौर पर कोविड-19 के 10 करोड़ से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं। सीडीसी के बुधवार को जारी ताजा आंकड़ों में 21 दिसंबर तक देश में कोविड-19 के कुल 100,216,983 मामलों की पुष्टि हुयी है। विशेषज्ञों ने कहा कि वास्तविक संख्या बहुत अधिक हो सकती है, क्योंकि घर पर परीक्षण करने वाले लोग अपने परिणाम सार्वजनिक स्वास्थ्य विभागों को नहीं भेजते हैं और बहुत से लोग टेस्ट भी नहीं करवाते हैं। सीडीसी के आंकड़ों से पता चलता है कि महामारी शुरू होने के बाद से देश में करीब 10 लाख 80 हजार लोग कोविड -19 की चपेट में आने से जान गंवा चुके हैं।

### कंबोडिया में कैसीनो-होटल में आग लगने से 10 लोगों की मौत, 30 झुलसे

**नोम पेन्ह।** कम्बोडिया-थाईलैंड सीमा पर पोइपेट शहर के ग्रैंड डायमंड सिटी कैसीनो-होटल में बुधवार देर रात को भीषण आग लगने से कम से कम10 लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हो गए और 400से अधिक लोग फंसे हुए हैं। पोइपेट टाउन हॉल प्रशासन के प्रमुख नेम फोएंग ने गुरुवार को यह जानकारी दी। श्री फोएंग ने आज यहां द नोम पेन्ह पोस्ट को बताया, फ्र आज सुबह नौ बजकर10 मिनट तक 10 से अधिक लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक घायलों को थाईलैंड के सा केओ प्रांत के अरन्याप्रथेत जिले के अस्पताल में भेजा गया। उन्होंने कहा कि कैसीनो-होटल में 400 से अधिक लोग फंसे हुए हैं, जिनमें से अधिकतर थाईलैंड के निवासी हैं। उन्होंने बताया कि आग बुधवार की रात लगी और अभी तक इसे बुझाया नहीं जा सका है। ने कहा कि अधिकारियों को अभी तक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। कंबोडियन नेशनल कमेटी फॉर डिजास्टर मैनेजमेंट के उपाध्यक्ष कुन किम ने संवाददाताओं को बताया कि कैसीनो के अंदर फंसे लोगों को बचाने के लिए दमकल कर्मियों और हेलीकॉप्टरों को घटनास्थल पर भेजा गया है।

### खेडाँ हलका सुनाम दियाँ' का पोस्टर रिलीज

**चंडीगढ।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सूचना एवं लोक संपर्क मंत्री अमन अरोड़ा के पिता और पूर्व मंत्री बाबू भगवान दास अरोड़ा की याद में करवाई जा रही 'खेडाँ हलका सुनाम दियाँ' का पोस्टर रिलीज किया है।

मुख्यमंत्री आवास पर पोस्टर रिलीज होने के बाद श्री अरोड़ा ने गुरुवार को यहां बताया कि बाबू भगवान दास अरोड़ा मेमोरियल फाउंडेशन द्वारा स्पॉन्सर 'खेडाँ हलका सुनाम दियाँ' टूर्नामेंट शहीद भाई मति दास सीनियर सेकंडरी स्कूल, लोंगोवाल में चार से पांच फरवरी तक करवाया जायेगा।

ज्ञातव्य है कि बाबू भगवान दास अरोड़ा मेमोरियल फाउंडेशन पिछले एक दशक से हलके में मेडिकल शिविर लगाने के साथ-साथ लोगों के कल्याण के लिए समाज-सेवा के अन्य कार्य भी कर रहा है। 'खेडाँ हलका सुनाम दियाँ' के बारे में श्री अरोड़ा ने बताया कि मुख्यमंत्री खेल प्रेमी होने के साथ-साथ वॉलीबॉल शूटिंग के अच्छे खिलाड़ी हैं। उनकी खेल को ज़मीनी स्तर पर प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता के अंतर्गत खेल संस्कृति को और बढ़ावा देने के लिए इस टूर्नामेंट में वॉलीबॉल शूटिंग, वॉलीबॉल स्मैशिंग और रस्साकशी के मुकाबले करवाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस टूर्नामेंट में पहले तीन स्थानों पर आने वाली टीमों को नकद इनाम और ट्रॉफियों से सम्मानित किया जायेगा। इस टूर्नामेंट में पदम श्री हैवीवेट इंटरनेशनल मुक्केबाज कौर सिंह (एशियन खेल के स्वर्ण पदक विजेता) और पद्म श्री एथलीट सुनीता रानी (एशियन खेल में स्वर्ण पदक विजेता) का विशेष सम्मान किया जायेगा। इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली सभी टीमों को खेल किटें भी बाँटी जाएंगी। टीमों की रजिस्ट्रेशन की आखिरी तारीख़ 20 जनवरी है।

### राजस्थान ने पांडिचेरी को पारी 101 रनों से हराया

**जयपुर।** मानव सुथार के शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन (नाबाद 95 रन और मैच में 11 विकेट) की बदौलत राजस्थान ने बुधवार को रणजी ट्रॉफी मुकाबले में पांडिचेरी को पारी 101 रनों से पराजित कर दिया। राजस्थान ने चार दिनी मैच के दूसरे दिन ही जीत हासिल कर ली। राजस्थान के पहली पारी में 335 रनों के जवाब में पांडिचेरी की पहली पारी 104 पर सिमट गई, जबकि दूसरी पारी में भी मेजबान टीम 130 रन ही बना सकी। इस जीत से राजस्थान को बोनस सहित 7 अंक मिले। राजस्थान के तीन मैचों से अब 11 अंक हो गए हैं। राजस्थान ने विगत दिन के नौ विकेट पर 333 रनों से आगे खेलना शुरू किया और दो रन जोड़ उसकी पारी सिमट गई। मानव सुथार 96 के स्कोर पर नाबाद रहे। इसके बाद राजस्थान ने पांडिचेरी की पहली पारी को मात्र 104 रनों पर समेट उसे फॉलोआन के लिए मजबूर किया। मानव सुथार ने बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजी में भी उम्दा प्रदर्शन करते हुए 33 रन देकर आठ विकेट लिए और विपक्षी टीम की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। मानव ने इस मैच में कुल 11 विकेट हासिल किए। उन्होंने पांडिचेरी की दूसरी पारी में भी तीन विकेट हासिल किए। पांडिचेरी की ओर से पीके डोगरा ने सर्वाधिक 33 रन बनाए, जबकि अरुण कार्तिक (20) और नयन कांगायन (14) अन्य स्कोरर रहे। पांडिचेरी के सात खिलाड़ी तो दहाई की संख्या तक भी नहीं पहुंच सके। राजस्थान की ओर से रवि बिश्नोई ने भी दो खिलाड़ियों को आउट किया।

### राजस्थान यूनाइटेड और एफसी केरल सेमीफाइनल में पहुंची

**दौसा।** राजस्थान यूनाइटेड और एफसी केरल ने बुधवार को यहां मान क्लब ग्राउंड पर अपने-अपने मैच जीतकर 7वें ऑल इण्डिया फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। पहले क्वार्टर फाइनल मैच राजस्थान यूनाइटेड ने आर्मी हैदराबाद को 2-1 से व दूसरे क्वार्टरफाइनल में एफसी केरल ने चंडीगढ़ इलेवन को 4-1 से पराजित कर अंतिम चार टीमों में जगह बनाई। मैच के 7 वें मिनट में हैदराबाद आर्मी को बढत का मौका मिला लेकिन मन्नुप्रसाद का शॉट गोलपोस्ट से टकराकर लौट गया। 19 वें मिनट में जगदीप के कॉर्नर किक को हैदराबाद का गोलकीपर नहीं रोक सका और राजस्थान यूनाइटेड ने 1-0 की बढ़त हासिल की। मोहित ने 64 वें मिनट में मिली पेनल्टी पर गोल बना स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। रेमसंगा ने 80 वें मिनट में जगदीप से मिले क्रॉस पर गोल बना राजस्थान यूनाइटेड 2-1 से आगे कर दिया जो अंततः विजयी स्कोर रहा। हैदराबाद आर्मी के मोहम्मद जाबिर मैन ऑफ दी मैच का पुरस्कार दिया गया। केरल एफसी ने दूसरे क्वार्टर फाइनल में चंडीगढ एलेवन को 4-1 से हराया। लेकिर चंडीगढ के खिलाडियों ने अच्छे खेल का प्रदर्शन कर दर्शको का दिल जीत लिया। मध्यांतर तक केरल टीम 2-1 से बढ़त लिए हुए थी। केरल के लिए अफ्रीकी खिलाड़ी गेविन ने 7 वें व अश्विन ने 36 वें मिनट में गोल बनाए। जबकि चंडीगढ़ के लिए पहले हॉफ की समाप्ति से ठीक पहले 45 वें मिनट में करण ने गोल दाग स्कोर को 2-1 से कम किया। दूसरे हॉफ में चंडीगढ इलेवन के खिलाडियों ने कई शानदार मूव बनाए लेकिन वे विपक्षी रक्षापंक्ति को नहीं भेद सके। केरल के लिए अभिषेक ने 88 वें मिनट में और बिबिन ने 98 वें मिनट में गोल बना राजस्थान यूनाइटेड को 4-1 से जीत दिला अपनी टीम को सेमीफाइनल में पहुंचाया। चंडीगढ इलेवन का करण मैन ऑफ द मैच रहा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक विद्यावती दूबे द्वारा बी डी प्रिन्टींग प्रेस गणेशपुर, रहमानपुर निकट रघुनन्दन आशियाना फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ से मुद्रित तथा- C 3/76, विभूतिखण्ड गोमती नगर लखनऊ से प्रकाशित । मो0 9450615356, फोन नं. 0522- 4102634

# दो हफ्ते में अवतार-2 ने कमाए 8200 करोड़




अवतार ने ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर अब तक 8200 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है। भारत में भी फिल्म ने 268 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है। अवतार 2 ने 2022 में सबसे ज्यादा कलेक्शन करने वाली हिंदी फिल्म ब्रह्मास्त्र के लाइमटाइम कलेक्शन को पीछे छोड़ दिया है। ब्रह्मास्त्र ने डोमेस्टिक बॉक्स पर 254 करोड़ का कलेक्शन किया था। भारत में सबसे ज्यादा कलेक्शन करने करने वाली हॉलीवुड फिल्मों में अवतार 2 दूसरे नंबर है। 373.22 करोड़ के साथ एवेंजर्स एंडगेम अभी भी पहले नंबर पर है। ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर फिल्म हर रोज कमाई के नए रिकॉर्ड्स बना रही है। सिर्फ 14 दिनों में फिल्म एक बिलियन डॉलर यानी करीब 8200 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया है। अवतार 2 के अलावा 2022 में रिलीज हुई सिर्फ दो फिल्में ही बिलियन डॉलर का आंकड़ा पार करने में सफल रही हैं। टॉम क्रूज की टॉप गन मेवरिक और क्रिस प्रैट की जुरासिक वर्ल्ड 'डोमिनियन ने एक बिलियन डॉलर से ज्यादा की कमाई की है। इन तीनों फिल्मों में अवतार 2 ने सबसे तेज एक बिलियन का आंकड़ा पार किया है। अवतार 2 भारत में दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हॉलीवुड फिल्म बन गई है। इसने एवेंजर्स इनफिनिटी वार के कलेक्शन करने को कब का पीछे छोड़ दिया है। अवतार 2 की कमाई का सिलसिला ऐसे ही चलता रहे तो ये आने वाले दिनों में इंडिया में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हॉलीवुड फिल्म एवेंजर्स एंडगेम के 373.22 करोड़ के टोटल कलेक्शन को भी पीछे छोड़ देगी। भारत में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले हॉलीवुड फिल्मों में द जंगल बुक और द लॉयन किंग जैसी फिल्में भी हैं। अवतार 2 ने सिर्फ हॉलीवुड फिल्मों को ही नहीं बल्कि 2022 में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्मों को भी पीछे छोड़ दिया है। इस साल हिंदी फिल्मों में ब्रह्मास्त्र 252 करोड़ की कमाई की थी। अब अवतार 2 ने कमाई के मामले में ब्रह्मास्त्र को भी पीछे कर दिया है। बता दें कि अवतार 2 16 दिसंबर को रिलीज हुई है। देश के चुनिंदा शहरों में फिल्म का पहला शो 16 दिसंबर को मिडनाइट 12 बजे से शुरू हो गया था। करीब दो हजार करोड़ में बनी इस फिल्म के स्पेशल इफेक्ट्स, वीएफएक्स और बैकग्राउंड स्कोर की काफी तारीफ सुनने को मिल रही है। भारत में फिल्म को इंग्लिश और हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में भी रिलीज किया गया है। फिल्म में सैम वाशिंगटन, जोई सल्डाना, स्टीफन लैंग, क्लिफ कर्टिस और केट विंसलेट ने अहम भूमिका निभाई है। अवतार फ्रेंचाइजी की पहली फिल्म 2009 में रिलीज हुई थी।

इसने रिलीज के साथ ही बॉक्स ऑफिस के सारे रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए थे। ये अब तक के सिनेमाई इतिहास की सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्म है। इसने पूरी दुनियाभर में करीब 19 हजार करोड़ का टोटल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन किया था। फिल्म को रिलीज हुए 13 साल हो गए हैं कि लेकिन कमाई के मामले में फिल्म अभी भी टॉप पर है।

# 250 करोड़ की मालकिन ट्विंकल



बरसात, मेला, बादशाह, जब प्यार किसी से होता है जैसी बेहतरीन फिल्मों में नजर आ चुकीं ट्विंकल खन्ना आज पूरे 48 सालों की हो चुकी हैं। एक्ट्रेस शादी के बाद फिल्मों से दूर होकर बिजनेस और अपनी किताबों से मोटी कमाई कर रही हैं। ट्विंकल ने साल 2001 में खिलाड़ी कुमार अक्षय से शादी की थी, जिससे उन्हें एक बेटा आरव और बेटी नितारा है। आज एक्ट्रेस के जन्मदिन के खास मौके पर आइए जानते हैं उनकी जिंदगी से जुड़े कुछ अनुसने किस्से ट्विंकल बॉलीवुड के मशहूर एक्टर राजेश खन्ना और डिंपल कपाड़िया की बड़ी बेटी हैं।

ये कम लोग ही जानते हैं कि ट्विंकल का असली नाम टीना जतिन खन्ना है। ट्विंकल का जन्मदिन उनके पिता राजेश खन्ना के बर्थडे, 29 दिसम्बर को ही आता है। न्यू ऐरा हाईस्कूल से पढ़ाई पूरी करने के बाद ट्विंकल चार्टेड अकाउंटेंट बनना चाहती थीं, जिसके लिए उन्होंने एंट्रेंस एग्जाम भी दिया था। लेकिन परिवार के दबाव में आकर उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री जॉइन कर ली

## राम के किरदार में अब नजर सकता है ये एक्टर

नकुल मेहता टीवी की दुनिया का जाना माना नाम है। स्टार प्लस के पॉपुलर शो 'इश्कबाज' में नकुल मेहता ने अपने रोल से लोगों को खूब वाहवाही बटोरी और इस वक्त नकुल मेहता शो बड़े अच्छे लगते हैं 2 में नजर आ रहे है, लेकिन अब इसी बीच एक ऐसी खबर आ रही है जिससे उनके फैंस थोड़े मायूस जरूर हो सकते है। नकुल मेहता ने हाल ही में शो को अलविदा करने की खबरों को कंफर्म कर दिया है। सोनी के शो बड़े अच्छे लगते हैं 2 में नकुल मेहता राम कपूर का किरदार निभा रहे है। इस शो को लोग खूब पसंद करते आ रहे है, लेकिन बीते कई दिनों से नकुल मेहता के शो को छोड़ने की खबरें आ रही थी, जिसके बाद अब नकुल मेहता ने भी इन खबरों पर अपनी चुप्पी तोड़ दी है और उनके जवाब को सुनने के बाद अब बेशक उनके फैंस नाराज हो सकते है। हाल ही में एक इंटरव्यू में नकुल मेहता ने

# स्पाइडर मैन को बनाने वाले स्टेन ली पर बनेगी डॉक्यूमेंट्री

*100वें जन्मदिन पर मार्वल्स एंटरटेनमेंट ने खान अनाउंसमेंट की है*



मार्वल फैंस स्टैन ली के बारे में जरूर जानते होंगे। स्टैन वहीं हैं जिन्होंने मार्वल कॉमिक को सुपर मैन और हल्क जैसे सुपर हीरोज दिए हैं। स्टेन ली के 100वें जन्मदिन पर मार्वल्स एंटरटेनमेंट ने खान अनाउंसमेंट की है, कि जल्द ही उन्हें जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री आने वाली है। बुधवार यानी 28 दिसंबर को मार्वल्स एंटरटेनमेंट ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर कर इस बात की जानकारी दी। इस डॉक्यूमेंट्री का शीर्षक स्टैन ली है, जो कि उनके जीवन और मार्वल कॉमिक्स को दिए उनके योगदान पर आधारित होगी। मार्वल्स इंटरटेनमेंट ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा- सपने देखने के 100 साल, बनाने के 100 साल, स्टेन ली के 100 साल। इस घोषणा के साथ मेकर्स ने एक टीजर वीडियो भी शेयर किया, जिसमें मार्वल स्टूडियोज की अलग-अलग फिल्मों में स्टेन के फेमस कैमियो के कुछ फुटेज दिखाए गए थे। इसके अलावा एक उनका एक एनिमेटेड चेहरा भी टीजर में नजर आता है। हालांकि डॉक्यूमेंट्री उनके जीवन और करियर के किन पहलुओं के बारे में बात करेगी, इस बारे में कोई भी जानकारी सामने नहीं आई है। बताया जा रहा है की डॉक्यूमेंट्री 2023 में रिलीज की जाएगी। बता दें की स्टैन मार्वल कॉमिक्स के को- क्रिएटर थे, जिन्होंने स्पाइडर मैन, हल्क, ब्लैक पैंथर, द फैंटास्टिक फोर और आयरन मैन जैसी बेहतरीन कॉमिक्स दी। इसके अलावा जब कॉमिक्स ने फिल्मों की शक्ल ली, तब स्टैन ने मार्वल की कई फिल्मों में यादगार कैमियो दिए। ली आखिरी बार अवेंजर्स एंडगेम में नजर आए थे, जिसे मार्वल के दौर का अंत भी कहा जाता है। अब इस डॉक्यूमेंट्री के जरिए फैंस एक बार फिर स्टेन ली के कॉन्ट्रिब्यूशन और उनकी लिगसी के बारे में जान पाएंगे। स्टेन ली की डॉक्यूमेंट्री के अलावा इस साल मार्वल स्टूडियोज सीक्रेट इनवेजन, लोकी सीजन 2, आयरन हार्ट और इको जैसे प्रोजेक्टस पर रिलीज होंगे, वहीं फिल्मों की बात करें तो आंट मैन और द वास्प फरवरी

# राजस्थान में छुट्टियां मना रहे वक्की-कटरीना

*विक्की कौशल के साथ फोटो शेयर की है*



नए साल के मौके पर बॉलीवुड के कई सितारे क्वालिटी टाइम स्पेंड करने वेकेशन पर जा रहे हैं। इसी बीच कटरीना कैफ भी पति विक्की कौशल के साथ न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए राजस्थान गई हैं। अब हाल ही में कटरीना ने जंगल में आराम फरमाते हुए विक्की कौशल के साथ फोटो शेयर की है। इन फोटोज में कटरीना और विक्की जंगल सफारी को इंजॉय करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस दौरान दोनों कैजुअल लुक में कमाल के लग रहे हैं। कटरीना ने इन फोटो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, एकदम जादुई मुझे लगता है मेरे पसंदीदा जगहों में से एक वैसे तो कटरीना कैफ अपने काम में काफी बिजी रहती हैं। लेकिन जब वो वेकेशन पर जाती हैं तो उनकी खुशी साफ झलकती है। इन फोटोज में भी वह काफी खुश दिखाई दे रही हैं। कटरीना कैफ की आने वाली फिल्मों की बात करें तो वह सलमान खान के साथ टाइगर 3 में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में उनका और सलमान खान का एक्शन अंदाज देखने को मिलेगा। इसके अलावा, वह विजय सेतुपती के साथ मैरी क्रिसमस में भी नजर आएंगी।

# करीना कपूर ने बताया कपूर खानदान का फेवरेट डिश

बॉलीवुड की बेबो कही जाने वाली करीना कपूर इन दिनों फिल्मों से दूर अपने फॅमिली के साथ टाइम स्पेंड करती हुई नजर आ रही हैं। करीना कपूर की बेबाकी से तो सभी वाकिफ ही होंगे। एक्ट्रेस आए दिन कई ऐसे कॉन्ट्रोवर्शियल बयान दे देती हैं जिसके बाद वो लाइमलाइट में बन जाती हैं। ऐसे में एक बार फिर करीना ने कुछ ऐसे खुलासे कर दिए है। जिसे सुनकर आपके भी होश उड़ जाएंगे। दरअसल करीना कपूर इन दिनों अपने पति सैफअली खान और बच्चों के साथ वेकेशन एन्जॉय करती हुई नजर आ रही हैं।



करीना इन वक्त फिल्मों से दूर अपने पर्सनल लाइफ को ज्यादा एन्जॉय करती हुई दिख रही हैं। वही वेकेशन पर जाने से पहले करीना का एक इंटरव्यू शूट रिकॉर्ड किया गया था। जिसे अब टेलीकास्ट कर दिया गया हैं। वही इस इंटरव्यू में करीना ने अपने परिवार को लेकर कुछ ऐसे खुलासे कर दिए जिसके बारे में आपने भी कभी सुना नहीं होगा। टेलीकास्ट हुए इटरव्यू में करीना बताती नजर आती हैं की कपूर फैमिली के लिए क्या जरूरी है फिल्में या खाना। वे कपूर फैमिली की उस फेवरेट डिश का खुलासा भी करती हैं जिसका लुत्फ उठाने के लिए पूरा परिवार श्एकजुटश् होता है। इंटरव्यू के दौरान यह पूछे जाने पर कि कपूर परिवार के लिए श्फूड या एक्टिंगश् क्या ज्यादा जरूरी है? इस पर करीना कपूर ने कहा, इसका जवाब देना रियली बहुत मुश्किल है क्योंकि दोनों चीजों के लिए प्यार और जुनून है परिवार के लिए इन दोनों के लिए ही सबसे ज्यादा प्रायोरिटी भी हैं। फूड भी एक बड़ा डिसकशन है। वहीं करीना ने उस डिश के बारे में भी बात की जिसने फैमिली को यूनाइट किया. करीना कहती हैं, मुझे लगता है कि यह होना ही चाहिए... एक बड़ी डिश जिसे हम सभी जब भी मिलते हैं खाना पसंद करते हैं, वह है पाया... यह एक ग्रेवी, एक करी की तरह है. कपूर परिवार की गैदरिंग्स के बारे में पूछे जाने पर, करीना ने कहा, जब भी हम सभी एक साथ होते हैं, तो मुझे लगता है कि हम सभी की आवाज बहुत तेज होती है. मुझे लगता है कि कभी-कभी हम बात भी नहीं कर रहे होते हैं. अगर कोई हमें सुनेगा तो उसे ऐसा लगेगा कि श्क्या वे फाइट कर रहे हैं? क्योंकि यह उन बड़े इतालवी परिवारों की तरह होगा कि सब चिल्ला रहे हैं. आप समझ भी नहीं पाएंगे कुछ और यही कहेंगे।

# दीपिका-आलिया के बाद इस फिल्ममेकर की हीरोइन बनेंगी रश्मिका मंदाना



साउथ की जानी-मानी एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना की जबरजस्त फैन फॉलोइंग है। रश्मिका के हर एक अंदाज के लोग इस कदर दीवाने है कि उनकी एक झलक पाने को किसी को हद को पार कर जाते है। रश्मिका साउथ इंडस्ट्री में तो अपना जलवा लोगों के दिलों पर बिखेर ही चुकी है ,लेकिन हाल ही में उन्होंने फिल्म 'गुडबाय' ने अपना बॉलीवुड डेब्यू करके यहां भी लोगों की तारीफें बटोरी। इसी बीच उनकी एक और हिंदी फिल्म की चर्चा होने लगी है। हाल ही में रश्मिका मंदाना को सदी के महानायक अमिताभ बच्चन के साथ फिल्म 'गुडबाय' में देखा गया। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर भले ही कुछ खास कमाई न कर पाई हो, लेकिन रश्मिका मंदाना के काम की जमकर तारीफहुई। इस फिल्म के बाद रश्मिका मंदाना रणबीर कपूर की फिल्म 'एनिमल' में भी एक खास रोल निभाती नजर आने वाली है और इसी बीच अब एक और फिल्म की बातें होने लगी है क्योंकि हाल ही में रश्मिका मंदाना का एक वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। दरअसल, हाल ही में रश्मिका मंदाना का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वो बॉलीवुड के जाने-माने और मशहूर डायरेक्टर संजय लीला भंसाली के ऑफिस के बाहर दिखाई दे रही है। रश्मिका का ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो के सामने आने के बाद लोगों के बीच कयासों का दौर शुरू हो गया है कि शायद रश्मिका जल्द ही संजय लीला भंसाली की किसी अपकमिंग फिल्म में नजर आ सकती है। फिल्मी गलियारों में इस तरह की खबरें आने लगी है जिसके बाद अब रश्मिका मंदाना के फैंस की खुशी तो सातवें आसमान पर पहुंच गई है। संजय लीला भंसाली की फिल्म में काम करना हर एक एक्टर या एक्ट्रेस के लिए सपने जैसे होता है और अगर आने वाले समय में रश्मिका संजय लीला भंसाली की फिल्म में नजर आती है, तो बेशक ये उनके करियर के लिए एक बड़ी बात होगी। रश्मिका मंदाना के वर्कफ्रंट की बात करें तो, इन दिनों एक्ट्रेस फिल्म मिशन मजनू को लेकर चर्चा में बनी हुई है, जिसमें वो एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ नजर आने वाली है। बता दें कि ये फिल्म 19 जनवरी 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# आखिर क्यों शादी में जूता छुपाई के दौरान कटरीना ने अपनी ही बहनों की लगा दी क्लास

बॉलीवुड के पावर कपल कहे जाने वाले विक्की कौशल और कटरीना कैफ आए दिन सुर्खियों में बने रहते हैं। दरअसल दोनों ही स्टार्स ने हाल ही में अपनी शादी की पहली सालगिरह सेलिब्रेट की हैं। दोनों ने बड़े ही प्राइवेट तरीके से सिर्फ अपने दोस्तों और परिवार वालों के बीच शादी रचाई थी। वही अब विक्की कौशल ने अपने शादी के एक महत्वपूर्ण रस्म का दिलचस्प किस्सा खुद सुनाई हैं। दरअसल हाल ही में विक्की कौशल की फिल्म गोविंदा नाम मेरा परदे पर रिलीज हुई हैं। वही विक्की ने इस फिल्म को काफी ज्यादा प्रमोट भी किया हैं। वही अब फिल्म प्रमोशन की बात हो और द कपिल शर्मा शो का जिक्र न हो ऐसा कैसे हो सकता हैं। ऐस में विक्की कौशल अपनी फिल्म को प्रमोट करने छोटे परदे का फेमस रियलिटी शो कपिल के शो में भी पहुंचे हुए थे। जहां विक्की एक बड़ा ही दिलचस्प राज खोलते हुए नजर आए। दरससल विक्की कौशल ने शादी में होने वाले



जूता छुपाई रश्म के बारे में एक दिलचस्प किस्सा शेयर करते हुए दिखे। ये बात तो सभी जानते है की कटरीना कैफ की छह बहने हैं। जूता छुपाई की रश्म बहने ही करती हैं। ऐसे में कपिल शर्मा ने विक्की कौशल से पूछा कि कटरीना की छह बहने हैं। ऐसे में जूता चुराई की रस्म के दौरान तो आप लुट गए होंगे। इसके बाद में एक्टर ने कहा की-जब मैं मंडप में जा रहा था, तो कटरीना की बहनें आई और मेरी टांग खींचने लगीं। भाई बोले, जूते नहीं लेने देंगे। मैंने कहा कि ले लो जो लेना है और कटरीना की बहनों ने मेरे जूते कहीं छिपा दिए। विक्की ने आगे कहा कि जब हमारे फेरे खत्म हुए, तो कटरीना सनसेट से पहले कुछ तस्वीरें क्लिक करवाना चाहती थी। सूरज डूब रहा था और मेरे पास मेरे जूते नहीं थे। उस टाइम कटरीना ने सबको डांट लगाई, बोली- जूता कहां है इसका? ऐसे में कटरीना ने अपनी बहनों से जूते लेकर आने के लिए कहा। कटरीना की बहनें मेरे से जूते वापस करने से पहले पैसे लेना चाहती थीं, लेकिन मुझे नहीं पता

## इंटीमेट सीन पर सालों बाद भूमि पेडनेकर ने तोड़ी चुप्पी

बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर आज फिल्म इंडस्ट्री की जानी-मानी अदाकारा हैं। जिन्होंने अपने फिल्मी करियर में अलग-अलग तरह के किरदारों से दर्शकों को इंप्रेस किया है। अपनी पहली फिल्म दम लगा के हईशा में एक मोटी लड़की रोल में भूमि ने अपने अभिनय से दर्शकों को दिल जीत लिया था। उसके बाद एक्ट्रेस ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। आज वो बी-टाउन की मोस्ट ग्लैमरस और टैलेंटेड अभिनेत्रियों की लिस्ट में शुमार हो गई हैं। अपनी एक्टिंग के अलावा भूमि ने कई फिल्मों में अपने बोल्ड सीन्स को लेकर भी काफी लाइमलाइट बटोरी है। उन्हीं फिल्मों से एक है 'लस्ट स्टोरीज' जिसमें अदाकारा ने कई इंटीमेट सीन दिए। इन सीन्स को लेकर भूमि काफी चर्चा में छाई रहीं। वहीं हाल ही में भूमि ने फिल्म 'लस्ट स्टोरीज' में दिए बोल्ड सीन्स पर खुलकर बात की। एक्ट्रेस ने बताया कि फिल्म की शूटिंग के दौरान वो काफी नर्वस थीं। आपको बता दें कि नेटफ्लिक्स पर साल 2018 में लस्ट स्टोरीज का पहला

# अकेलेपन के कारण आत्महत्या करना चाहते थे राजेश खन्ना

हिंदी सिनेमा के पहले सुपरस्टार राजेश खन्ना की आज 80वीं बर्थ एनिवर्सरी है। राजेश खन्ना को प्यार से काका कहा जाता था। इनका स्टारडम इस कदर था कि बॉलीवुड में एक कहावत आम थी ऊपर आका, नीचे काका। यानी ऊपर भगवान और नीचे राजेश खन्ना, ये दो ही लोग पावरफुल हैं। देव आनंद के बाद राजेश खन्ना दूसरे फिल्मी सितारे थे जिनके लिए लड़कियों में बेहद दीवानगी थी। 1970 के दशक में इनके बंगले पर लड़कियों के इतने खत आते थे कि उन्हें पढ़ने के लिए अलग से एक आदमी रखना पड़ा। इनमें कई खत खून से लिखे होते थे। राजेश खन्ना अमृतसर में जन्मे थे और गरीबी के कारण माता-पिता ने इन्हें अपने एक रिश्तेदार को गोद दे दिया था। फिल्मों में आने के लिए इन्होंने खूब कोशिशें कीं। एक टैलेंट हंट में 10 हजार लोगों को हराकर राजेश खन्ना कॉम्पिटिशन जीते और इसी के जरिए उन्हें दो फिल्में मिलीं।



यहां से शुरू हुआ स्टारडम का सिलसिला ऐसा चला कि आज तक किसी दूसरे स्टार ने ऐसा खूबसूरत दौर नहीं देखा। करीब 20 साल बॉलीवुड पर अकेले राजेश खन्ना ही छाए रहे। अमिताभ की एंग्री यंग मैन इमेज वाली एंट्री के बाद इनका स्टारडम हिल गया। फिर, वो दौर भी आया जब राजेश खन्ना अकेले रह गए। राजेश खन्ना का जन्म 29 दिसंबर 1942 को अमृतसर में हुआ। उनका जन्म लाला हीरानंद खन्ना और चंद्ररानी खन्ना के घर हुआ। उनके एक बड़े भाई भी थे। राजेश खन्ना का पहला नाम जतिन खन्ना था। उनके पिता स्कूल टीचर थे। 1947 में जब देश का बंटवारा हुआ तो उस विभाजन में राजेश खन्ना के परिवार ने भारत को चुना और अमृतसर में बस गए। देश विभाजन में उनके पिता की नौकरी चली गई जिस वजह से उन्हें तंगी का सामना करना पड़ा। हालात इस कदर बदतर थे कि वो परिवार का पालन-पोषण नहीं कर पा रहे थे। इसी वजह से उन्होंने 6 साल के राजेश खन्ना को मुंबई में रहने वाले रिश्तेदार चुन्नी लाल खन्ना और लीलावती को सौंप दिया। बचपन से राजेश खन्ना को काका नाम से बुलाया जाता था। पंजाबी भाषा में काका का मतलब छोटा बच्चा होता है। 10 साल में ही राजेश खन्ना थिएटर से जुड़ गए थे। उन्हें बोंगो और तबला बजाने में खासा दिलचस्पी थी। स्कूल के दिनों में जितेंद्र उनके बहुत अच्छे दोस्त थे। एक्टिंग से बहुत प्यार था तो वो कॉलेज के दिनों में भी थिएटर और स्टेज शोज से जुड़े रहे। साथ ही स्टेज शोज से कई अवॉर्ड्स भी अपने नाम किए। राजेश खन्ना को स्पोर्ट्स कारों का शौक था। वो ऑडिशन भी स्न्न स्श्वश्नह्ल्ल कार से देने जाया करते थे। उस समय ऐसी कारों का कलेक्शन फिल्मी सितारों के पास भी नहीं होता था। जब वो ऑडिशन देने जाते थे तो उनकी कार वहां पार्क होती थी जहां कई फिल्मी सितारे और डायरेक्टर-प्रोड्यूसर की गाड़ियां खड़ी रहती थीं। दरअसल, जब इस गाने को फिल्माया गया तो शर्मिला टैगोर किसी कारणवश शूटिंग सेट पर नहीं जा पाई थीं। इसी वजह से राजेश खन्ना के हिस्से को सड़क पर शूट कर लिया गया था। वहीं बाद में एक स्टूडियो में शर्मिला टैगोर के हिस्से को शूट गया था, जिसे बाद में एडिट करके दर्शकों के सामने लाया गया।

# तुनिषा व शीजान की वजह से अब शो अली बाबां के मेकर्स ने उठाया ये बड़ा कदम

इन दिनों पूरी इंडस्ट्री में एक ही चर्चा हो रही है कि किस तरह महज 20 साल की तुनिषा शर्मा ने मौत को गले लगा लिया। अपने शूटिंग सेट पर एक्ट्रेस का फांसी लगाना कई सवाल खड़े कर गया है। भले ही एक्ट्रेस इस दुनिया से जा चुकी हैं लेकिन अपने पीछे वो कई सवाल और मायूसी छोड़ गई हैं।

जिन हालातों में ये पूरा किस्सा हुआ उससे अब कई लोग सदमे हैं तो कुछ लोग डरे हुए हैं। वहीं, जिस शो में एक्ट्रेस मेन लीड निभा रही थी, अब उस शो के मेकर्स ने एक बड़ा कदम उठाया है। अली बाबा-दास्तान ए काबुल के मेकर्स अब एक नतीजे पर पहुंचे हैं। दरअसल, तुनिषा शर्मा की मौत और शीजान खान को पुलिस कस्टडी में देख मेकर्स को ये फैसला लेना ही पड़ा। क्योंकि शो की लीड एक्ट्रेस अब मर चुकी है और शो के मेन हीरो जेल में हैं ऐसे में शो में मेकर्स मजबूर है। दोनों की गैरमौजूदगी से शूटिंग बंद पड़ी है। जिसके चलते काफी नुक्सान हो रहा है, कई लोगों के घर चलना मुश्किल हो गए हैं। ऐसे में अब ये फैसला लिया गया है कि शो ऑफ एयर किया जाएगा। दरअसल, बताया जा रहा है कि तुनिषा शर्मा ने शीजान खान के मेकअप रूम में ही फांसी लगाई है, ऐसे में सेट पर काम करने से लोग अब डर रहे हैं। सेट पर दहशत है माहौल बना हुआ है। जब शूटिंग ही नहीं हो रही तो मेकर्स को भी रोजाना लाखों का नुकसान झेलना पड़ रहा है। इसीलिए अब ये फैसला लिया गया है कि शो बंद कर दिया जाएगा। आपको बता दें, कुछ महीने पहले जब इस बिग बजट शो का ऐलान किया गया तो ये बात सामने आई थी कि ये शो अब तक के सबसे महंगे सेट पर फिल्माया गया है। जब शो शुरू हुआ तो धीरे-धीरे लोगों ने इसे पसंद करना शुरू किया और टीआरपी में भी इस शो ने अपनी जगह बना ली थी। लेकिन इस हादसे के बाद अब मेकर्स ने दिल पर पत्थर रखकर शो को बंद करने का ऐलान कर दिया है। अब कहा तो यही जा रहा है कि जल्द ही शो को ऑफ एयर कर दिया जाएगा क्योंकि इतनी जल्दी नई स्टार कास्ट को नहीं चुना जा सकता। अगर मेकर्स ऐसा कुछ ट्राई भी करते है तो इसका शो पर उल्टा असर पड़ सकता है। ऐसे में मेकर्स कोई रिस्क नहीं लेना चाहते।